दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 11 | अंक : 315 | लखनऊ, 06 नवम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



रोमांस के बाद ......



यामी मेरे लिए दर्शक ........

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### महायुति में एकजुटता गठबंधन जारी रहेगा

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में आगामी निकाय चुनावों से



पहले महायुति गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। अगर पूर्व-चुनाव गठबंधन नहीं भी बन पाया, तो चुनाव के बाद महायुति जरूर साथ आएगी। कोल्हापुर में फडणवीस ने कहा कि हम पूरी तरह तैयार हैं।

### सलमान को कंज्यूमर कोर्ट ने भेजा समन

मुंबई। सुपरस्टार सलमान खान पान मसाला विज्ञापन को लेकर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। भाजपा नेता और राजस्थान हाईकोर्ट वकील इंदर मोहन सिंह ने अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उन्होंने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का समर्थन किया, जो

## 10 फीसदी आबादी का सेना में कंट्रोल, राहुल पर बरसे रक्षामंत्री राजनाथ

# रक्षाबलों में आरक्षण की मांग कर अराजकता फैला रहे राहुल, सेना को राजनीति में न लाएं

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया।

## देश की सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय सेना में देश की 10 फीसदी आबादी का कंट्रोल है। बिहार के जमुई में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह (राहुल गांधी) रक्षाबलों में आरक्षण की मांग करके देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में न घसीटें। अब राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। यह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। हमारी सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर हैं।

### सेना का प्रमुख कार्य- सैन्य धर्म



बिहार में रैली के दौरान बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों के लिए केवल एक ही धर्म है, सैन्य धर्म। रक्षा मंत्री ने कहा कि आरक्षण होना चाहिए। हम आरक्षण का समर्थन करते हैं और इसे गरीबों को दिया है, लेकिन जब सेना की बात आती है तो हमारे सैनिक केवल एक ही धर्म, सैन्य धर्म का पालन करते हैं। इसके अलावा कोई दूसरा धर्म नहीं है। सेना में राजनीति न लाएं। जब भी देश पर संकट आया है, हमारे सैनिकों ने अपने साहस और पराक्रम से भारत को गौरवान्वित किया है।

### देश की सेनाएं सब चीजों से ऊपर

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है।

### भारत किसी को उकसाता नहीं

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

### आरजेडी ने लोक-लाज छोड़ दी

राजनाथ सिंह ने आरजेडी पर वार करते हुए कहा कि उसका नारा था आइए न बिहार में ठोक देंगे कट्टा कपार में, लेकिन अब लोग कहते हैं आइए न विकसित बिहार में। भ्रष्टाचार करने में आरजेडीने लोक लाज छोड़ दी लेकिन हम जो कहते हैं वो करते हैं। आज भारत दुनिया के सामने बोलता है, दुनिया के लोग अब भारत की सुनते हैं। सिंह ने दावा किया कि बिहार में दो तिहाई सीटों पर जीत कर एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

**एसआईआर का एक पक्ष यह भी**



### बलिया में 2.17 लाख मिले डुप्लीकेट मतदाता, सूची से हटाए जाएंगे

बलिया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारी तेजी से चल रही है। जनपद के 940 ग्राम पंचायतों में कुल 25.36 लाख 822 मतदाता हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 17 ब्लाकों में संभावित 2.17 लाख 189 डुप्लीकेट मतदाता चिह्नित किए गए हैं। जांच के बाद इन सभी मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है।बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनका दो अलग-अलग नाम सूची में शामिल है। सूची का अंतिम प्रकाशन होने से पूर्व डुप्लीकेट नाम हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्रदेश से जारी सूची में बलिया में 6.21 लाख 974 मतदाताओं के डुप्लीकेट होने की संभावना व्यक्त की गई है। अब निर्वाचन अधिकारी की ओर से बीएलओ को लगाया गया है। बीएलओ हर गांव में डुप्लीकेट मतदताओं को चिन्हित कर रहे है। ग्राम पंचायतों में संभावित उम्मीदवारों की नजर परिसीमन पर टिकी हुई है। इस बार 1460 केंद्रों के 3919 बूथों पर मतदान कराने की तैयारी है। चुनाव के लिए पदवार मतपत्र भी एक सप्ताह के अंदर जिले में पहुंच जाएंगे।

*18वीं अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस-कम-एक्सपो-2025' गुरुग्राम में कल से*

## सीएम सैनी ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को 7 नवंबर से 9 नवंबर तक गुरुग्राम में होने वाली '18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस -कम - एक्सपो 2025' की तैयारियों की समीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 7 नवंबर को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह 9 नवंबर को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न नगर निगमों के चेयरमैन तथा मेयर भी हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी हरियाणा के लिए गर्व की बात है। यह कार्यक्रम सतत शहरी विकास, स्मार्ट परिवहन समाधानों और बुनियादी ढांचे के नवाचार में राज्य की प्रगति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम शहरी परिवहन व गतिशीलता के क्षेत्र में उभरते मुद्दों, रुझानों, नवाचारों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करके देश एवं प्रदेश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में कॉन्क्लेव, शोध संगोष्ठी, पूर्ण सत्र, तकनीकी सत्र, पैनल चर्चाएं और इंटरेक्टिव प्रदर्शनियां शामिल होंगी। इनमें भारत समेत विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, उद्योग जगत से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त तकनीकी भ्रमण और धरोहर स्थल भी शामिल होंगे, जिनमें प्रतिनिधियों को क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और शहरी परिवहन पहलों की झलक देखने को मिलेगी।

### ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**मांड्या जमीन अधिग्रहण का मामला**

कर्नाटक के मांड्या जिले में जमीन अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने से नाराज एक किसान ने आत्मदाह कर लिया। मूदानहल्ली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय एमडी मंजेगोड़ा ने मंगलवार को जिला आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित कावेरी पार्क में पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और उन्हें मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया। विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जबलपुर गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का होगा आयोजन

## गोल्फ केवल उच्च वर्ग का खेल नहीं: आर्यवीर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

समाज में गोल्फ को केवल उच्च वर्ग के लोगों का खर्चीला खेल माना जाता है। इस धारणा को गलत बताते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भी उपलब्ध है।

सामाजिक भ्रम को दूर करने के लिए फेडरेशन के द्वारा गोल्फ महोत्सव के माध्यम से उन शहरों में भी किया जा रहा है। जहां कभी गोल्फ टूर्नामेंट नहीं हुए। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य



आयोजन किया जा रहा है। यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्कि सितंबर,2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन्न शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है। जबलपुर में होने जा रहे इस गोल्फ कुंभ में 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंटों में हिस्सा ले चुके है। इनमें से अधिकतर फेडरेशन के बैनर के साथ ग्रीन खेल का प्रमोशन भी कर रहे है।ये प्लेयर जबलपुर में न सिर्फ गोल्फ खेलेंगे बल्कि इस खेल से अधिक से अधिक लोग कैसे जुड़े ये भी प्रयास करेंगे।ये अनुभवी प्लेयर महाकौशल के उदीयमान गोल्फ प्लेयर के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्हें इस खेल की बारीकियों ओर इसकी कलात्मकता से भी परिचय कराएंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ 8 नवंबर को प्रातः प्रोमो रन से होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी ओबीसीटी का संदेश दिया जाएगा।

**कांग्रेस का बिहार के डबल इंजन सरकार पर बड़ा हमला**

## नीतीश सरकार के 20 साल में बिहार बेहाल: जयराम रमेश

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार विभाग प्रमुख जयराम रमेश ने बिहार की एनडीए सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की 20 साल की साझी सरकार ने बिहार के साथ "धोखा, अन्याय और उपेक्षा" की है, जिससे राज्य का उज्ज्वल भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट जारी करते हुए 20 बिंदुओं में बिहार सरकार की कथित विफलताएं और घोटाले गिनाए। उन्होंने लिखा, पहले चरण के मतदान से पहले ज़रूर देखिए कि भाजपा-जदयू ने कैसे बिहार को बर्बाद कर दिया। यदि जनता सत्ता से बाहर कर दे, तो बेरोज़गारी, पलायन, भ्रष्टाचार, गुंडाराज खत्म हो जाएगा।

- **पेपर लीक और भर्ती घोटाले:** पिछले दो दशकों में दस से ज़्यादा भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में धांधली, लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद।
- **शिक्षा में भ्रष्टाचार:** एक स्टिंग ऑपरेशन में 20 से 50 लाख तक में डिग्री और पेपर बिकने का खुलासा।
- **बेरोज़गारी और पलायन:** ई-श्रम पोर्टल के अनुसार 3.18 करोड़ बिहारवासी दूसरे राज्यों में मज़दूरी कर रहे हैं।
- **गरीबी:** जातिगत सर्वे के मुताबिक 64 फ़ीसदी आबादी रोज 67 रुपए में गुज़ारा करती है।

### जयराम रमेश के 20 आरोप

- **उद्योगों की दुर्दशा:** 6 महीनों में 11 बड़े उद्योगपतियों की हत्या, निवेशकों में डर का माहौल।
- **कानून-व्यवस्था चरमराई:** हर दिन औसतन 8 हत्याएँ, 33 अपहरण, 136 जघन्य अपराध।
- कैग रिपोर्ट में 70,000 करोड़ का घोटाला।
- तीन सालों में 27 पुल ढहे, भ्रष्टाचार का नतीजा बताया।
- **स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल:** 86 फीसदी विशेषज्ञ डॉक्टरों और 57 फीसदी संसाधनों की भारी कमी।
- **गंगा प्रदूषण:** एनजीटी के अनुसार 13 में से सिर्फ 7 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू, वह भी मानक स्तर पर नहीं।
- **शराबबंदी की विफलता:** 2016 से अब तक 190 लोगों की जहरीली शराब से मौत।
- **स्कूली शिक्षा संकट:** 26 फ़ीसदी ड्रॉपआउट रेट, 1.16 लाख स्कूलों में बिजली नहीं, 2,600 से अधिक स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक।
- **उच्च शिक्षा का संकट:** ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो 17.1 फ़ीसदी, देश में सबसे कम।
- **किसानों की बदहाली:** कृषि इंफ्रा फंड का केवल 25 फीसदी खर्च, कुसुम योजना में लाभ नहीं।
- **महिलाओं पर बोझ:** माइक्रोफाइनेंस के कर्ज जाल में फँसी बिहार की बेटियाँ।
- **मनरेगा घोटाले:** फ़र्ज़ी हाजिरी और मृतकों के नाम पर भुगतान।
- **सृजन घोटाला:** 1000 करोड़ की सीधी लूट।
- अडाणी को 1000 एकड़ जमीन 1 रुपये प्रति एकड़ पर दी गई।
- **पोषण आहार में गड़बड़ी:** 50,000 आंगनवाड़ियों में ग्रोथ मॉनिटरिंग मशीनें बंद।
- **भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा:** 4200 सरकारी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के मुकदमे।

*भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास*

# अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को दिलाई बड़ी जीत चुनाव बाद राष्ट्रपति ट्रंप को मिली पहली बड़ी हार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पहली हार का सामना करना पड़ा है। जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है।

नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर डालेंगे असर!

अमेरिका की राजनीति में बढ़ रहा भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रभाव

### न्यूयॉर्क मेयर बने जोहरान ममदानी

*सिटी हॉल का वीडियो साझा किया, जिस पर 'जोहरान फॉर न्यूयॉर्क सिटी' लिखा था*

*अपनी जीत के बाद अपनी पहली एक्स पोस्ट में ममदानी ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें सिटी हॉल में एक न्यूयॉर्क मेट्रो ट्रेन खुलती दिखाई दे रही थी और दीवार पर "जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी" लिखा हुआ था। सिटी हॉल वह जगह है, जहां मेयर कार्यालय स्थित है। जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर कुओमो को हराया, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार स्लीवा ने नाम नहीं वापस लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की भारी आलोचना के बावजूद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को चुनाव में सफलता मिली।*



जोहरान ममदानी ने बुधवार को जनता को संबोधित किया

### अमेरिका में मच रही 'समोसा कॉकस' की धूम

अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले 'समोसा कॉकस' की चर्चा अब खूब हो रही है। बता दें, अमेरिका में चाहे राज्य स्तर पर हो या संघीय स्तर पर निर्वाचित पद संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय को ही समोसा कॉकस कहा जाता है। यह अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय-अमेरिकी सांसदों के एक समूह को दिया गया एक उपनाम है। यह उपनाम उस चीज को दर्शाता है जिसमें साउथ एशियाई मूल के खासकर भारतीय मूल के विधायकों की बढ़ती संख्या शामिल है।

**डेमोक्रेट्स सत्ता में आए तो हालात खराब**

*जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर सीधा हमला बोला है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी सत्ता में आती है तो देश बहुत खराब स्थिति में पहुंच जाएगा। ट्रंप ने आगे कहा अगर हम सब वही करें जो मैं कह रहा हूं, तो डेमोक्रेट्स कभी सत्ता हासिल नहीं कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि वे देशहित में ऐसे कई कानून पारित करेंगे जो अमेरिका की प्रगति को मजबूत बनाएंगे और डेमोक्रेट्स की नीतियों का विरोध करेंगे।*

## वर्जीनिया की एलजी चुनी गईं गजाला

गजाला हाशमी का जन्म भारत में हुआ था। उन्होंने वर्जीनिया में लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार जॉन रीड को हराया। हाशमी पहली बार नवंबर 2019 में वर्जीनिया सीनेट के लिए चुनी गई थीं। हाशमी चार साल की थीं जब वह



गजाला हाशमी

अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से अमेरिका आईं और जॉर्जिया में अपने पिता के साथ रहने लगीं। हाशमी ने करीब 30 साल तक पहले यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड में और फिर रेनॉल्ड्स कम्युनिटी कॉलेज में बतौर प्रोफेसर पढ़ाया। हाशमी और उनके पति अजहर साल 1991 में शादी के बाद वर्जीनिया के रिचमंड में बस गए।

## सिनसिनाटी के मेयर चुने गए आफताब

ओहायो के शहर सिनसिनाटी के भारतीय मूल के मेयर आफताब पुरेवाल भी विजयी रहे। पुरेवाल ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कोरी बोमन को हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। 43 वर्षीय पुरेवाल, जो पहले अमेरिका में विशेष सहायक अटॉर्नी रह चुके हैं, ने 2021 में करीब 66 फीसदी वोट पाकर पहली बार मेयर चुनाव में जीत



आफताब पुरेवाल

हासिल की थी। पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वह बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं। उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने ट्रंप समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार कोरी बोमन को हराया, जो अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई हैं।


# यूपी में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों के लिए भी शासन ने आनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था अनिवार्य किए जाने का आदेश जारी किया है। इस व्यवस्था के लागू होने पर इन्हें प्रत्येक कार्यदिवस पर तैनाती वाले ग्राम पंचायत में जाना पड़ेगा, क्योंकि आनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था ग्राम पंचायत भवनों (सचिवालयों) में ही रहेगी। शासन स्तर पर यह शिकायतें आ रही थीं कि ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी क्षेत्र में कम समय देते हैं। ग्राम पंचायतों में इनके कम जाने से शासन की योजनाएं प्रभावित होती हैं। ग्रामीणों को भी छोटे-छोटे कामों के लिए इन्हें ढूंढना पड़ता है, जिसे देखते हुए शासन ने इनके लिए आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य कर दिया है। शासन ने आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था करने के लिए निदेशक पंचायती राज विभाग तथा आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग को पत्र लिखा है। शासनादेश में कहा गया है कि आनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था लागू करने की कार्यवाही करते हुए शासन को अवगत कराया जाए। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह का कहना है कि इसके लिए जिलाधिकारियों को इसके लिए पत्र लिखा जा रहा है। पंचायत सहायकों तथा एकाउंटेंट कम डाटा इंट्री आपरेटर की आनलाइन हाजिरी की व्यवस्था पहले से ही पंचायत भवनों में है। जल्द ही ग्राम पंचायत अधिकारियों को भी पंचायत भवन जाकर हाजिरी लगाने की व्यवस्था अनिवार्य कर दी जाएगी।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बिजली बिलों को सार्वजनिक करने की मांग



● छूट के बावजूद बिल ज्यादा आने की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विद्युत उपभोक्ताओं के यहां लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर उठ रहे सवालों के बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के पहले और बाद के बिजली बिलों के आंकड़ें सार्वजनिक करने की मांग की है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग रहे हैं उन्हें बिल में दो प्रतिशत की छूट देने की व्यवस्था है। ऐसे में उपभोक्ताओं के बिजली बिल कम होने के बजाय ज्यादा आने की शिकायतें आ रही हैं। प्रदेश में 15 अक्टूबर तक लगभग 44.37 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। इनमें से लगभग 20.66 लाख मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला जा चुका है। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों पर पावर कारपोरेशन और वितरण कंपनियां बिजली के बिल के आंकड़ें सार्वजनिक करें। बिल में भारी अंतर पाए जाने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोकते हुए मीटरों की जांच राष्ट्रीय विद्युत प्रयोगशाला में कराई जाए।

# यूपी के सरकारी स्कूलों में मार्च तक विकसित होंगे न्यूट्रीशन गार्डन

● बढ़ेगी बच्चों के भोजन की पौष्टिकता



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के सभी परिषदीय और अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में बच्चों के मिड डे मील में ताजी और पौष्टिक सब्जियां शामिल की जाएंगी। इसके लिए स्कूलों में किचन गार्डन (स्कूल न्यूट्रीशन गार्डन) विकसित किए जा रहे हैं। पीएम पोषण योजना से जुड़ी इस पहल के तहत मार्च 2026 तक 1,41,832 विद्यालयों में ये गार्डन तैयार किए जाने हैं। प्रदेश में 1,324 स्कूल ऐसे हैं, जहां पर्याप्त जगह होने के कारण पारंपरिक किचन गार्डन बनाए जा रहे हैं। इन स्कूलों को इसके लिए पांच हजार रुपये प्रति गार्डन की दर से 66.20 लाख रुपये की धनराशि दी गई है। वहीं, जिन 62,347 स्कूलों में जगह कम है, वहां पाली, ग्रो बैग, मटके, बोरे, जूट के थैले या गमलों में छोटे आकार के गार्डन तैयार होंगे। इसके लिए दो हजार रुपये प्रति गार्डन की दर से 1,246 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। इससे हर विद्यालय में 10 से 15 गमले रखे जाएंगे, जिनमें मौसमी और हरी पत्तेदार सब्जियां उगाई जाएंगी। इनसे तैयार सब्जियां बच्चों के भोजन में इस्तेमाल होंगी, ताकि उनके मिड डे मील की पौष्टिकता बढ़ाई जा सके। अशासकीय सहायता प्राप्त 7,933 जूनियर हाईस्कूलों में भी किचन गार्डन बनाए जाएंगे, लेकिन इनकी व्यवस्था कन्वर्जेंस माडल से होगी। यानी यहां अन्य सरकारी योजनाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय समुदाय के सहयोग से ये गार्डन विकसित किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों को तीन महीने में किचन गार्डन तैयार करने का निर्देश दिया है। जिन स्कूलों में गार्डन बनेंगे, उन्हें जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित उपयोग प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना होगा। इस योजना से न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा, बल्कि छात्रों में पर्यावरण, खेती और स्वावलंबन के प्रति रुचि भी बढ़ेगी।

# यूपी के सभी स्कूलों में गूंजेगी सरदार पटेल की एकता की गूंज

● सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए निर्देश जारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को पूरे साल उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्ल के संकल्प को मजबूत करने के लिए यह कार्यक्रम अगले वर्ष अक्टूबर 2026 तक लगातार चलेगा। इसमें ब्लाक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताएं, खेल, सांस्कृतिक आयोजन और जनजागरूकता कार्यक्रम स्कूलों और कालेजों में कराए जाएंगे।

बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने नवंबर से अक्टूबर 2026 तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी करते हुए महानिदेशक स्कूल शिक्षा, निदेशक बेसिक शिक्षा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे महीनेवार कार्यक्रम तय कर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। इसमें नवंबर में स्कूल स्तर पर निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं की जाएंगी। ब्लाक स्तर पर कबड्डी, कुश्ती जैसी एकता खेल प्रतियोगिताएं होंगी। दिसंबर में ब्लाक और जिला स्तर पर पदयात्राएं, ग्रामीण युवा एकता शिविर और बाजारों में सरदार पटेल से जुड़ी वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। अगले वर्ष जनवरी में ब्लाक और जिला स्तर पर किसान सम्मेलन होंगे, जिनमें सरदार पटेल के कृषि सुधारों पर चर्चा होगी। गणतंत्र दिवस परेड में सरदार पटेल की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। फरवरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, जिला पुस्तकालयों में फोटो प्रदर्शनी और विरासत स्थलों की सफाई अभियान चलाया जाएगा। मार्च में राज्य स्तर पर जिलों से शुरू होकर राजधानी में खत्म होने वाले साइक्लोथान और मैराथन होंगे। मई में पटेल और भारत की एकता विषय पर सांस्कृतिक महोत्सव और एकता गीत प्रतियोगिताएं होंगी। जून में स्कूलों में इतिहास मेले लगाए जाएंगे और छात्रों को स्टैच्यू आफ यूनिटी का वर्चुअल रिएलिटी टूर कराया जाएगा। जुलाई में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-जिला एकता खेल प्रतियोगिताएं तथा किसानों और कारीगरों की प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। अगस्त में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत अंतरराज्यीय छात्र आदान-प्रदान शिविर होंगे। सितंबर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एकता प्रतिज्ञा, स्वतंत्रता संग्राम का मंचन और सरदार पटेल की भूमिका पर विशेष रेडियो वार्ताएं प्रसारित की जाएंगी। इसी महीने स्कूली बच्चों द्वारा हमारे राज्य में पटेल विषय पर शोध पुस्तिकाओं का प्रकाशन और विमोचन होगा। अंतिम चरण में अक्टूबर में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एकता परेड का आयोजन होगा। राज्यों की राजधानियों का सीधा जुड़ाव ह्यस्टैच्यू आफ यूनिटीह्ल से होगा और एकीकरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# पत्नी की हत्या का खुलासाः पति ने दी थी एक लाख रुपये की सुपारी, पांच आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



राजू गुप्ता, दूसरा पति | मोहम्मद शकील | सर्वेश | राजेश कुमार | अनीस

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में मिले महिला के शव मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में मृतका का पति ही हत्या का मुख्य साजिशकर्ता निकला है। उसने अपनी पत्नी की हत्या के लिए साथियों को एक लाख रुपये की सुपारी दी थी। माल पुलिस के मुताबिक, बीते 3 नवंबर को बसहरी गांव में एक आम के बाग में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पहचान होने पर मृतका का नाम पूजा देवी निवासी दुबग्गा बताया गया। इस मामले में मृतका की बेटी सुमन ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में पता चला कि पूजा की दूसरी शादी 56 वर्षीय राजू गुप्ता से हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच पैसों और बच्चे को लेकर विवाद रहने लगा था। आए दिन झगड़े से परेशान आरोपी पति ने अपने साथ काम करने वाले अनीस और शकील के जरिए सर्वेश और राजेश से संपर्क किया और पत्नी की हत्या की सुपारी दे दी। 31 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे, आरोपी पूजा को बहाने से आम के बाग में ले गए और वहीं गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद राजू गुप्ता समेत सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के पीछे पैसे और पारिवारिक विवाद मुख्य कारण रहा। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# बिहार के रण में आज दम दिखाएंगी मायावती

● एक ही सभा से पूरा चुनाव साधने की रणनीति



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिहार विधान सभा चुनाव में अबकी अकेले ही मैदान में उतरी बसपा की जीत के लिए पार्टी सुप्रीमो मायावती गुरुवार को दम दिखाएंगीं। कैमूर जिले के भभुआ में उनकी चुनावी जनसभा होगी। बिहार में पहले चरण के लिए गुरुवार को ही मतदान होना है, जबकि दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोट पड़ेंगे। ऐसे में बसपा प्रमुख इस बार एक ही जनसभा से पूरे चुनाव को साधने की कोशिश करेंगी। तय कार्यक्रम के अनुसार बसपा प्रमुख की जनसभा दोपहर में भभुआ हवाई पट्टी के पास स्थित मैदान में होगी। कैमूर जिले में पार्टी ने भभुआ, मोहनियां, रामगढ़ और चैनपुर, चारों विधान सभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इस क्षेत्र में बसपा अन्य जगहों से ज्यादा मजबूत मानी जाती है। पूर्व में पार्टी प्रत्याशी यहां जीत हासिल कर चुके हैं। मायावती जनसभा के माध्यम से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास करेंगी। उनकी जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए कई दिनों से तैयारी चल रही है। कैमूर के साथ आसपास के अन्य विधान सभा क्षेत्रों से भी पार्टी समर्थकों के सभा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। अबकी बसपा ने बिहार में अकेले ही सभी 243 सीटों पर लड़ने की निर्णय किया था। पार्टी ने ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशी उतारे भी थे लेकिन विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में नामांकन रद होने से लगभग 190 उम्मीद्वार ही मैदान में हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए मायावती ने अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के साथ राष्ट्रीय समन्वयक एवं राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम व अनिल सिंह आदि को लगा रखा है।

# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का धीमा पंजीकरणः तकनीकी बाधाएँ

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों को पारदर्शी और सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'उम्मीद पोर्टल' में पांच माह में मात्र डेढ़ प्रतिशत संपत्तियां ही दर्ज हो सकी हैं। पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण इसका काम थम गया है। इसके लिए शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड ने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा है। पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को आनलाइन दर्ज कर डिजिटल रिकार्ड तैयार करने की अंतिम तिथि पांच दिसंबर है। प्रदेश में शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड में कुल 1,34,094 वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन अब तक केवल 1,996 संपत्तियों का ही पंजीकरण हो सका है। यानी कुल संपत्तियों का महज डेढ़ प्रतिशत हिस्सा ही पोर्टल पर दर्ज हो पाया है। शिया वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिजवी ने भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पोर्टल की खामियों को जल्द दूर करने का आग्रह किया है। संपत्तियों की जानकारी अपलोड करते समय कई बार सिस्टम क्रैश हो जाता है, जिससे डाटा दर्ज करना मुश्किल हो जाता है। यदि कोई एक से अधिक संपत्तियों का मुतवल्ली है तो उसे भी पंजीकरण में दिक्कत आ रही है। दोनों वक्फ बोर्डों का मानना है कि तकनीकी खामियां दूर किए बिना पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा तक सभी संपत्तियों का पंजीकरण पूरा करना संभव नहीं होगा। बोर्ड ने अनुरोध किया है कि संबंधित तकनीकी टीम जल्द से जल्द पोर्टल की खामियां दूर करें ताकि प्रदेश की वक्फ संपत्तियों का सही ढंग से डिजिटलाइजेशन हो सके।

# पर्वतीय जन जागृति समिति द्वारा किया गया भव्य सुन्दरकाण्ड का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पर्वतीय जनजाग्रति समिति तेलीबाग लखनऊ द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गुरु, नानक जयंती के उपलक्ष में भव्य सुंदरकांड का आयोजन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तेलीबाग में किया गया।

समिति के अध्यक्ष मोहन भटट, महामंत्री मनोज तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद के एन सिंह, मण्डल अध्यक्ष सरोजनीनगर दक्षिण मण्डल तीन विनोद मौर्या, महामंत्री शिव प्रकाश मिश्रा, खरीका दो के पार्षद संजीव अवस्थी, सोशल मीडिया सरोजनी नगर विधानसभा से जितेंद्र कुमार और श्याम कुमार, समिति उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अधिकारी, कोषाध्यक्ष भुवन तिवारी, सांस्कृतिक मंत्री महेश जोशी, उप सांस्कृतिक मंत्री दीपा ऐरी, संघठन मंत्री मीना माहौड़ी, प्रमोद जोशी, प्रकाश उपरारी, प्रेम सिंह बिष्ट, दौलत सिंह बंगारी, नारायण सिंह रौतेला, नंदन सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र भटट, हरीश अधिकारी, कैलाश जोशी, एवं पर्वतीय रामलीला समिति के अध्यक्ष बिशन दत्त जोशी, महामंत्री लक्ष्मण सिंह धामी, कुमाऊँ सांस्कृतिक मण्डल के अध्यक्ष प्रेम गिरी, मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, तेलीबाग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजन मिश्रा, राजू बाजपेयी, पंकज पांडेय, नंदा बल्ल्भ उपाध्याय, प्रकाश पांडेय एवं भारी संख्या मे क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# नारायणपुर में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। नारायणपुर में सीरज सिंह द्वारा आयोजित ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहला मुकाबला कंगारू कबड्डी क्लब और जीआईसी अजगैन कबड्डी क्लब के बीच खेला गया, जिसमें कंगारू कबड्डी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 20 उत्साही टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने मैदान पर न केवल दमदार खेल दिखाया बल्कि संघर्ष, हिम्मत और अटूट इच्छाशक्ति का भी परिचय दिया। युवाओं के जोश और उत्साह ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि – 'ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को न सिर्फ मंच देते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और नई दिशा भी प्रदान करते हैं। खेल से ही राष्ट्र मजबूत बनता है।' इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिव बख्श सिंह, नीरज सिंह, ममता सिंह, नरेंद्र सिंह फौजी, दीप सिंह, पिंटू सिंह, माखन सिंह, मुकेश आर्यन सिंह, नवीन तिवारी, गोलू सिंह, नेपाल सिंह, अभय सिंह, विनय पटेल, अमितेश सिंह, शुभम सिंह, अशोक सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, रक्षपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विजेता टीम को सम्मानित कर और खेल भावना बनाए रखने के संदेश के साथ किया गया।

# उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्र में बनेंगे 147 नए आरोग्य मंदिर, दिए गए 2.20 करोड़ रुपये

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए 15वें वित्त आयोग से 2.20 अरब रुपये दिए गए हैं। प्रदेश के शहरी इलाकों में चल रहे 1013 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन के लिए 43.84 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 147 नए स्वीकृत अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना और संचालन के लिए 10.89 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में चल रहे 1013 अर्बन आरोग्य मंदिरों के भवनों का लगभग चार महीने से किराया और बिजली के बिल का भुगतान बकाया है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था, वाई-फाई के बिल का भुगतान भी नहीं किया जा सका है। इस धनराशि के मिलने से कई रुके हुए भुगतान हो सकेंगे। इसके अलावा यूपी मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन (यूपीएमएससीएल) को क्रमशः 1.04 अरब रुपये, 97.24 करोड़ रुपये, 7.05 करोड़ रुपये आरोग्य मंदिर के दवाओं व उपकरणों के मद में व्यवस्था की गई है। इन आरोग्य मंदिरों में तैनात डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ और वार्ड ब्वाय के वेतन का भुगतान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से किया जा रहा है। अन्य मदों का भुगतान अभी रुका हुआ है।

# यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को घटना का पता चला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णानगर इलाके में एक 14 वर्षीय किशोरी परिवार के साथ रहती है। पीड़िता के मुताबिक मोहल्ले के ही ई-रिक्शा चालक हर्षित कश्यप ने एक दो बार चाट खिलाने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसे प्रेम जाल में फंसा लिया।

आरोप है कि प्रेमजाल में फंसाने के बाद आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। उसने कई बार किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने विरोध शुरू किया तो आरोपी जल्द ही शादी कर लेने की बात कह कर किशोरी को चुप करा दिया। इस बीच पीड़िता की तबीयत खराब हुई। उसके पेट में दर्द शुरू हुआ तो उसने मां को बताया। मां ने पीड़िता को डॉक्टर को दिखाया। वहां पता चला कि करीब तीन माह की गर्भवती है। यह बात पता चलने पर किशोरी के परिजन अवाक रह गए। परिजनों ने पीड़िता से पूछताछ की तो उसने हर्षित कश्यप की करतूत बताई। परिवार वाले पीड़िता को लेकर मंगलवार शाम कृष्णानगर कोतवाली पहुंचे। परिजनों ने हर्षित कश्यप के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि आरोपी हर्षित कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# यूपी में राज्य हज इंस्पेक्टरों के चयन के लिए ऑनलाइन परीक्षा आठ को, 115 पदों के लिए होगा चयन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सऊदी अरब में हज यात्रियों की मदद करने वाले राज्य हज इंस्पेक्टरों के चयन के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आठ नवंबर को होगी। आवेदक घर बैठे आनलाइन कंप्यूटर के जरिए इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। वहीं, हज इंस्पेक्टर के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। हज इंस्पेक्टर सऊदी अरब में हज यात्रियों की मदद के लिए भेजे जाते हैं। प्रदेश से इस बार 17,226 हज यात्री रवाना किए जाएंगे। प्रत्येक 150 हज यात्रियों पर एक हज इंस्पेक्टर का चयन होना है। ऐसे में प्रदेश से 115 हज इंस्पेक्टरों का चयन किया जाना है। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा सरकारी कर्मचारी को मौका देने के लिए हज कमेटी आफ इंडिया ने आवेदन करने की अंतिम बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। पहले अंतिम तिथि तीन नवंबर थी। अब तक 450 लोग इसमें आवेदन कर चुके हैं। इच्छुक कर्मचारी हज कमेटी की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हज इंस्पेक्टरों के चयन के लिए आठ नवंबर को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा। इससे पहले माक टेस्ट गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

## संक्षेप

### दलालों का अड्डा बना रसद एवं खाद्य आपूर्ति विभाग

बीघापुर, उन्नाव। रसद एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के स्पेक्टर एवं बाबू अपने कार्यालय में अनेकों दलाल पाल रक्खे हैं कुछ दलाल प्रतिदिन सुबह से आकर शाम तक बैठ कर संपूर्ण दस्तावेजों कंप्यूटर का कार्य करते हैं नए राशन कार्ड बनवाने यूनिट जुड़वाने के लिए पैसे वसूले जाते हैं जो गरीब पैसा नहीं दे पाते हैं दर-दर भटकने को मजबूर हैतहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन तहसील भवन के दूसरे व तीसरी मंजिल पर रसद एवं खाद आपूर्ति विभाग का कार्यालय बना हुआ है खाद आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं बाबू दलालों व प्राइवेट विभाग में रखे हुए युवकों से नए राशन कार्ड बनवाने व यूनिट जुड़वाने के लिए पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के लिए1000 से 2000 अंत्योदय कार्ड के लिए2000 से लेकर 5000 यूनिट जुड़वाने के लिए 500 प्रति यूनिट वसूले जाते हैं जो गरीब पात्र होते हुए भी पैसा नहीं दे पाते है उनको इतने नियम व कानून बताए जाते हैं कि वह सालों ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक तहसील के चक्कर काटा करते हैं और जो व्यक्ति अपात्र होते हुए भी पैसा दे रहा है उन लोगों के राशन कार्ड तुरंत बना दिए जाते हैं प्रत्येकतहसील संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र भ्रष्टाचार के राशन संबंधी आते हैं लेकिन जिनके खिलाफ शिकायत होती है उन्हीं अधिकारियों को जांच सौंप दी जाती है जिसके कारण निष्पक्ष जांच नहीं हो पाती है उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जबतक नहीं करेगी तब तक भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता रहेगा

### टाइल्स लगा रहे मजदूर की विद्युत करंट से हुई मौत

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। निहालखेड़ा निवासी 50 वर्षीय रामदयाल पोनी बाजार स्थित एक कंपनी में टाइल्स लगाने का काम कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात रामदयाल कंपनी में टाइल्स का काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि बिजली की वायरिंग के पास फर्श गीला था। काम करते समय उनका हाथ एक नंगी तार से छू गया, जिससे उन्हें तेज करंट लगा। करंट लगने से रामदयाल मौके पर ही गिर पड़े। साथी मजदूरों ने शोर मचाया और उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और कंपनी प्रबंधन से कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजामों के बारे में पूछताछ की जाएगी। मृतक रामदयाल के परिवार में चार बच्चे हैं: सबसे बड़ा बेटा राज (21 वर्ष), अमन (20 वर्ष), आर्यन (16 वर्ष) और बेटी सानिया (17 वर्ष)। परिजनों ने बताया कि रामदयाल ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को उन्नाव के गंगाघाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। भोर पहर से ही श्रद्धालु गंगा तटों पर पहुंचने लगे थे। हर-हर गंगे के जयकारों से घाटों का वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह चार बजे से ही गंगाघाट, मिश्रा कॉलोनी घाट, गंगा विशुन घाट और आनंद घाट पर लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की और पवित्र जल में दीप प्रवाहित किए। स्नान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने की उम्मीद है। गंगा स्नान के लिए उन्नाव के अलावा कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, अचलगंज, बीघापुर, मौरांवा, पुरवा, असोहा और नवाबगंज सहित आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। लोगों ने सुबह की पहली किरण के साथ ही पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे पंडों को दान-दक्षिणा दी और पुण्य की प्राप्ति की। कई श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण भी किया। माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा तटों पर इस अवसर पर विशाल मेले का भी आयोजन हुआ। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु मेले में झूलों, सर्कस और नाटकों का आनंद लेते नजर आए। बच्चों के लिए खिलौनों और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। वहीं, धार्मिक वस्तुओं की दुकानों पर पूजा सामग्री और दीपदान के लिए श्रद्धालु खरीदारी करते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। घाटों तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई थी। चौपहिया वाहनों को गंगा तट तक जाने की अनुमति नहीं थी, जबकि दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था की गई थी। इससे श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा नहीं हुई। डीएम गौरांग राठी और एसपी जय प्रकाश सिंह ने तड़के ही घाटों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने पुलिस और प्रशासनिक अमले को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। क्षेत्राधिकारी दीपक यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी दिनभर घाटों पर मौजूद रहे और भीड़ की निगरानी करते रहे। गंगाघाट क्षेत्र के अधिकांश घरों और मंदिरों में कार्तिक पूर्णिमा पर तुलसी विदाई की परंपरा निभाई गई। श्रद्धालुओं ने तुलसी के पौधे को जल चढ़ाकर और दीपक जलाकर विदा किया। इस अवसर पर महिलाओं ने धार्मिक गीत गाए और परिवारजनों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा का यह दिन गंगा तटों पर न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और भारतीय परंपरा का सुंदर संगम भी दिखा। घाटों पर सुबह से शाम तक ₹हर हर गंगे₹ और ₹जय मां गंगे₹ के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

# पतित पावनी गंगा जी में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। सनातन धर्मावलंबियों को स्नान, दान-पुण्य व लोक आस्था के महापर्व कार्तिक पूर्णिमा, गंगा स्नान के अवसर पर बक्सर घाट पर बुधवार अलशुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा। पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंगलवार देर रात से ही जुटनी शुरू रही। बक्सर, डौडियाखेड़ा, चंदरपुर, गढ़ेवा आदि घाटों पर भी हर-हर गंगे का उदघोष कर हजारों भक्तों ने गंगा स्नान किया। बक्सर धाम स्थित मां चण्डिका-अम्बिका की पूजा अर्चना के साथ दरबार मे माथा टेक कर मन्नत मांगने वाले भक्तों का भी भोर पहर से ही तांता लगा रहा। गंगा स्नानार्थियों ने बक्सर घाट पर पंडो को अन्न दान, दक्षिणा देकर पुण्य लाभ कमाया। सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर बक्सर धाम से दो कि.मी. पहले ही तनगापुर विद्यालय व बक्सर-दूधी कगार मार्ग पर गंगा पुल से आगे पांडु नदी के पास फतेहपुर बॉर्डर पर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर बड़े व चौपहिया वाहनों को रोक दिया गया था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार देर रात से ही बक्सर स्थित सभी घाटों पर व मेले में जनपद के कई थानों का भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन की सख्त चाक चौबंद व्यवस्था के चलते नजदीकी अन्य जनपदों सहित क्षेत्र से उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के जन सैलाब ने बक्सर धाम में लगे भव्य मेले में जमकर खरीददारी भी किया। डौडियाखेड़ा के कामेश्वर घाट, चन्दरपुर व गढेवा घाट पर भी भोर पहर से ही गंगा स्नानार्थियों का हुजूम उमड़ा। बक्सर घाट पर फतेहपुर, उन्नाव, रायबरेली, लखनऊ आदि अन्य कई निकटवर्ती जनपदों के हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नहाकर पुण्य अर्जित किया। कार्तिक पूर्णिमा भव्य मेले में शांति व्यवस्था व सुरक्षा हेतु उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा मय महिला पुलिस के मंगलवार शाम से ही मुस्तैद रहे। बक्सर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बड़े वाहनों से ट्रैफिक की समस्या से श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो इसलिए बक्सर से दो किलोमीटर दूर वाहनों को रोक कर पार्किंग की व्यवस्था की गयी थी।

# अनियंत्रित लोडर ने एक बाइक पर सवार तीन भाइयों को मारी टक्कर, तीनों की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव के सामने उन्नाव लालगंज हाइवे पर लोडर की टक्कर से एक ही बाइक में सवार तीन सगे भाई बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सका ने दो भाइयों को मृत घोषित कर दिया एक भाई की प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा है। मौरांवा थाना क्षेत्र के बखतखेडा अकोहरी निवासी तीन सगे भाई अरूण (26),सचिन (22),छोटू (18) पुत्रगण जगन्नाथ मंगलवार रात घर से एक ही बाइक में सवार होकर अपने अन्य बाइक सवार साथियों के साथ गंगा स्नान करने बक्सर जा रहे थे। बिहार थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज राजमार्ग पर लगभग 10 बजे चढते ही गढी गांव के पास डीएपी खाद लदे लोडर ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे तीनों भाई बुरी तरह घायल हो गये। सूचना मिलते ही एंबुलेंस से तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर लाया गया जहां सचिन व छोटू को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर घायल अरूण को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है।। घायल अरूण की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वही सूचना पाकर पहुंचे परिवारी जनों में हाहाकार मंच गया।

# ट्रेन की चपेट से सफाई कर्मी की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात एक हादसा हुआ। रेलवे लाइन पार करते समय सफाईकर्मी रामसजीवन धानुक (40) की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रामसजीवन धानुक, पुत्र गंगाराम, भौली गांव, थाना अजगैन का निवासी था। वह मियागंज विकासखंड में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत था। ड्यूटी के कारण वह अजगैन रेलवे स्टेशन के सामने किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। मंगलवार देर रात वह घर से कुछ सामान लेने निकला था और रेलवे लाइन पार करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान कानपुर से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेलवे अधिकारियों और पुलिस को दी। जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ट्रैक से हटाकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रेलवे लाइन लापरवाही से पार करने के कारण हुई। हादसे की सूचना मिलने पर रामसजीवन के परिवार में शोक छा गया। उसकी पत्नी प्रेमा, बेटे दीपू और मनीष, तथा बेटी सेजल का बुरा हाल है। गांव के लोगों ने बताया कि रामसजीवन मेहनती स्वभाव का व्यक्ति था। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टला बड़ा हादसा पीआरवी सिपाही ने कई श्रद्धालुओं की बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर चंदन खेड़ा गांव के पास एक बड़ा हादसा टल गया, जिसमें पीआरवी 122 (गाड़ी संख्या 6808) के कांस्टेबल रवि नागर की त्वरित कार्रवाई ने करीब 60 श्रद्धालुओं की जान बचाई यह घटना सुबह करीब 4 बजे उन्नाव-हरदोई मार्ग पर थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के चंदन खेड़ा गांव के पास हुई। बस संख्या वढ30इळ1206 थी, जिसमें लगभग 60 पुरुष, महिलाएं और बच्चे सवार थे। बस में वायरिंग शॉर्ट सर्किट होने के कारण अचानक धुआं निकलने लगा। अपने प्वाइंट पर तैनात कांस्टेबल रवि नागर ने महिलाओं की चीख-पुकार सुनी और तुरंत बस का पीछा किया। पीआरवी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सकुशल बस से बाहर निकाला। श्रद्धालुओं को पास की एक सुरक्षित जगह, एक पेट्रोल पंप पर ले जाया गया। सभी श्रद्धालु बागेश्वर धाम सरकार से दर्शन कर वापस हरदोई लौट रहे थे बस ठीक होने के बाद सभी श्रद्धालु अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए और उन्होंने पुलिस टीम की त्वरित मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# दबंगो ने एक परिवार पर लाठी डंडों से किया हमला, चार घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी गांव में मंगलवार देर शाम एक परिवार पर लाठी-डंडों और बांका से हमला किया गया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और युवक शामिल हैं। हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह विवाद मामूली गाली-गलौज से शुरू हुआ था। सहजनी निवासी राजू की पत्नी नीलम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा राहुल फैक्ट्री के पीछे ट्रैक्टर चला रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ युवक वहां पहुंचे और राहुल से गाली-गलौज करने लगे। राहुल के विरोध करने पर युवकों ने उसे बंधक बना लिया और पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर राहुल की मां नीलम, रिश्तेदार अनीता और सुहाना मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं पर भी लाठी-डंडों और बांका से हमला कर दिया। बांका के वार से अनीता के हाथ में गहरा घाव हो गया, जबकि नीलम और सुहाना को लाठी और लोहे की रॉड से पीटा गया। आसपास के लोगों ने घायलों को हमलावरों से छुड़ाया और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वायरल वीडियो में आरोपी युवक महिलाओं पर हमला करते और ईंट-पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। गंगाघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है और वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा तट पर मां गंगा आरती एवं सुंदर कांड का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार को मां गंगा तट पर मां गंगा आरती एवं विशाल सुंदरकांड का पाठ आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला व राष्ट्रीय संगठन मंत्री के , के,त्रिपाठी का मतलब दरबार व सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के संरक्षक शिव पूजन पांडे व मार्गदर्शन सियाराम पांडे वह संगठन के वरिष्ठ रंजन लाल पांडे ,व प्रदेश अध्यक्ष किसान सेवा समिति अजय पांडे व युवा प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश त्रिपाठी व संगठन के सचिव श्याम पांडे , रामू पांडे युवा संगठन के सदस्य लव कुश पांडे संत एवं आचार्य समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कीरत दास महाराज के सदस्य नीरज तिवारी मगर यार अधिवक्ता समिति के महामंत्री जिला सुशांत मिश्रा एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे अधिवक्ता समिति के उपाध्यक्ष राजेश सिंह चंदेल आचार्य संगठन के आचार्य गण उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव व दीपदान कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आनंद घाट पर कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव और दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार शाम हजारों दीपों से गंगा तट जगमगा उठा। इस दौरान 'हर हर गंगे' और 'गंगे मां तेरा जल अमृत है' के जयघोष सुनाई दिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी और सदर विधायक पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने गंगा आरती और दीपदान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर घाट पर रंगोली, पुष्प सज्जा और आतिशबाजी भी की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि दीपोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की तरह आनंद घाट पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गंगा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। डीएम ने 'नमामि गंगे' अभियान के तहत हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने और गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाए रखने का संकल्प लेने की बात कही। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, नगरवासी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने दीपदान करते हुए गंगा संरक्षण का संकल्प लिया और 'गंगा स्वच्छ, भारत श्रेष्ठ' का संदेश दिया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि वन विभाग के नेतृत्व में गंगा आरती और दीपदान का आयोजन किया गया। उन्होंने गंगा को संस्कृति, परंपरा और विचारधारा की आधारशिला बताया। विधायक ने कहा कि गंगा हमें जीवन, मोक्ष और रोजगार प्रदान करती है, इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि इसे स्वच्छ और अविरल बनाए रखने में योगदान दे। उन्होंने 'गंगा है तो हम हैं' का संदेश दिया।

# जिला अस्पताल में महिला की मौत, परिजनो ने गलत इंजेक्शन लगाने का लगाया आरोप


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पति ने डॉक्टरों और स्टाफ पर पैसे लेकर गलत इंजेक्शन लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पुरवा थाना क्षेत्र के सोहनखेड़ा निवासी लक्ष्मी (38) को मंगलवार देर रात पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद परिजन जिला अस्पताल लाए थे। उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। मृतका के पति सुरेंद्र ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ ने पहले उन्हें बाहर इंतजार करने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज के नाम पर कर्मचारियों ने उनसे पैसे लिए और इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी पत्नी की हालत अचानक बिगड़ गई। सुरेंद्र के अनुसार, डॉक्टरों ने बिना जांच के इंजेक्शन लगाया और जब उन्होंने सवाल किया तो उन्हें वार्ड से बाहर निकाल दिया गया। कुछ देर बाद उन्हें पत्नी की मौत की सूचना दी घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। अस्पताल प्रशासन ने इस पूरे मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने बताया कि महिला को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था और प्राथमिक जांच में उसकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिवार ने निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

# ट्रैक्टर ट्राली ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। बगहरी और पड़रिया के बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में छोटी पड़रिया गांव निवासी 58 वर्षीय छेदीलाल पुत्र रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ मौजूद पुत्र सुखबीर और गांव निवासी बच्चू बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छेदीलाल को निजी साधन से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और गांव में शोक छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छेदीलाल खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी सहोदरा, तीन पुत्र और चार विवाहित पुत्रियां हैं। इस दुखद घटना के बाद पूरे परिवार का बुरा हाल है। परिजनों ने घटना के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। राजाबाग चौकी प्रभारी रवींद्र मालवीय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के पूरा बरौना गांव में मंगलवार शाम करीब पांच बजे सफाई कर्मी की बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में बुधवार को मौत हो गई।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र रवनहार गांव निवासी रोशन लाल (25) पुत्र सुंदर, राजाजी पुरम, लखनऊ में किराए के मकान में रह रहा था, मृतक मियागंज ब्लॉक क्षेत्र के भरतपुर भड़ूवा गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। मंगलवार को ड्यूटी करने के बाद वह बाइक से लखनऊ अपने किराए के मकान में जा रहा था। इस दौरान पूरा बरौना गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई।हादसे में रोशन लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस सीएचसी लेकर गई जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना से मृतक की पत्नी कुसुमा, पुत्र रोहन ,आर्यन, सहित परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए।

कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी की मौत हुई है, शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में होगा।

## सम्पादकीय

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं। सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुन्द्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्रोत हैं। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।



चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।




जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।

राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

फिलहाल
डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार


बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।

आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है।

दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी ख़ासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुक़ाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं। दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाय। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा।


# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## यमुनोत्सव



यमुना अभियान के तहत यमुनोत्सव 2025 के पहले दिन, रविवार को नई दिल्ली में यमुना के किनारे वासुदेव घाट पर पारंपरिक कपड़े पहने महिलाएं पूजा-पाठ करने के लिए इकट्ठा हुईं।

## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### द. चीन सागर में दृढतापूर्वक मुकाबला करे आसियान



अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका-चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई

## ऑफ बीट

### कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं



पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां-कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे,

## X ट्रेंड f

### अत्यंत दुःख हुआ



साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सशक्त बना रहे



शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोजगार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### भाजपा-कांग्रेस एक



भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के ज्वाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

-अरविंद केजरीवाल, आप नेता

### मेरे पहले हीरो शाहरूख



दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरूख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना है।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

## संक्षेप

### सुलतानपुर में वांछित गिरफ्तार

**पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी को कोर्ट में किया गया पेश**

सुलतानपुर, पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। हलियापुर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए वांछित अभियुक्त की पहचान संतोष पुत्र ओम प्रकाश सरोज (उम्र करीब 21 वर्ष) के रूप में हुई है। वह ग्राम अलीनगर, थाना शहीद स्मारक भाले सुल्तान, जनपद अमेठी का निवासी है। संतोष थाना हलियापुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 69/25 से संबंधित मामले में वांछित था। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 115(2), 352, 351(3), 3(5) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत दर्ज किया गया था। यह गिरफ्तारी सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रफ्फन खाँ और कांस्टेबल प्रेमसिंह स्वामी की टीम शामिल थी।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**35 लीटर अवैध शराब बरामद, 3 अभियोग दर्ज**

सुलतानपुर, आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार, 3 नवंबर 2025 को कादीपुर क्षेत्र के कादीपुर खुर्द और जंगलीया गांवों में दबिश दी गई, जिसमें 35 लीटर अवैध कच्ची शराब और 250 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी सुल्तानपुर और उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन में की गई। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण और आबकारी निरीक्षक गिरिराज सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह अभियान चलाया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत तीन अभियोग दर्ज किए गए हैं। अभियान के दौरान, क्षेत्र के ईंट भट्टों और कबाड़ की दुकानों की भी गहन जांच की गई।

### गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए सुलतानपुर का छात्र चयनित

**महाविद्यालय का नाम किया रोशन**

सुलतानपुर. राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र इजहारूद्दीन का चयन गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए हुआ है। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना टीम का हिस्सा बनकर ग्वालियर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले परेड कैंप में शामिल होंगे। यह कैंप गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों के अंतिम चयन के लिए महत्वपूर्ण है। इजहारूद्दीन कमनगढ़ के निवासी हैं और इस चयन से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। इजहारूद्दीन की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह और प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने उन्हें सम्मानित किया।

# कोहरे में बड़ा सड़क हादसा, चार की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। बहराइच-फखरपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह घना कोहरा चार जिंदगियों पर भारी पड़ गया। कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने के कारण एक डम्फर (ट्रक) और रोडवेज बस में टक्कर हो गई। हादसे में एक मोटरसाइकिल भी डम्फर की चपेट में आ गई, जिससे बाइक सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक बच्चा, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। घटना बुधवार सुबह करीब 6:10 बजे की है। बताया जा रहा है कि फखरपुर से बहराइच की ओर जा रहा डम्फर (ट्रक) संख्या यूपी 78 जे एन 9855 कोहरे के कारण आगे जा रही रोडवेज बस को नहीं देख सका। टक्कर से बचने के प्रयास में ट्रक चालक ने पहले वाहन को बाईं ओर मोड़ा, फिर दाईं ओर घुमा दिया। इसी बीच रोडवेज बस का पिछला हिस्सा ट्रक से टकरा गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 40 बी एफ 9163) ट्रक की चपेट में आ गई और घसीटते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान इस प्रकार चन्द्र किशोर (35 वर्ष) पुत्र कुवारे सिंह निवासी मानिकपुर भगवानपुर, थाना नानपारा, जनपद बहराइच व श्रीमती सेनू (28 वर्ष) पत्नी करनव करन (32 वर्ष) पुत्र राजकुमार सहित विक्की (3 वर्ष) पुत्र करन सभी निवासी ललुही, थाना खैरीघाट, जनपद बहराइच हैंसूचना मिलते ही फखरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डम्फर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण हुआ। सुबह का दृश्य भयावह था – सड़क पर चारों तरफ वाहन के पुर्जे बिखरे पड़े थे। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बहराइच ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। यातायात फिलहाल सुचारू है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूर्णतः बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध मौत

**भाई बोला – मौत की खबर छिपाते रहा ससुराल पक्ष, 3 महीने पहले हुई थी शादी**

संवाददाता



प्रयागराज, फूलपुर इलाके में एक विवाहिता की लाश भोर में ससुराल में मिली है। मृतक की शादी 5 माह पहले हुई थी। भाई का कहना है कि बहन की हत्या पति व सास-ससुर ने मिलकर की है। पुलिस ने आरोप के घेरे में आए पति को गिरफ्तार कर लिया है। गंगानगर के मसलेपुर अंधवा सराय इनायत की रहने वाले राम सिंह ने अपने सबसे छोटी बेटी सोनी उर्फ सीता (28) की शादी रंजन पुत्र भुल्लन निवासी वीरकाजी थाना फूलपुर से 5 महीने पहले की थी। भाई सुरेश ने बताया शादी के दौरान विदाई के समय ससुराल वालो ने अपाचे बाइक की मांग पूरी न होने पर दुल्हन को ले जाने से इन्कार कर दिया था। किसी तरह मान मनौव्वल कर विदाई की गई। इसके बाद से लगातार ससुराल पक्ष कुछ न कुछ समान व नकदी रुपए लाने की मांग कर परेशान किया करते थे। सीमा अपने मायके परिवार मे हुई रिश्तेदार की मौत पर घर आई थी। जिसे शाम को उसका देवर बुलाकर ससुराल लेकर गया। रात 10 बजे बेटी से आखिरी बार बात हुई थी। इस दौरान सीमा बड़े बुझे मन से मान कर रही थी। सुबह 5 बजे ससुराल से फोन आया कि उसकी तबीयत खराब है उसे लेकर अस्पताल जा रहे है। भाई सुरेश ने कहा कि जब तक हम लोग अस्पताल आते ससुराल पक्ष के लोग बेटी की लाश को अस्पताल से लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसे रोक कर सीमा की मौत के बारे में जानकारी ली तो पति रंजन ने कहा कि सीमा के गले पर कोई जहरीला कीड़ा चल गया था जबकि उसके गले पर रस्सी व उंगलियों के निशान पड़े थे। मायके पक्ष के लोगों ने सराय इनायत पुलिस को सूचना देकर लाश को पुलिस के कब्जे मे देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। थाना पुलिस ने आरोप के घेरे मे आए पति को गिरफ्तार कर सास व ससुर की तलाश शुरू कर दी है।

# खाद भरते समय ट्रैक्टर से दबकर ग्यारह वर्षीय बालिका की मौत

**गोदी में लिए बालक को भी आई गंभीर चोटें**



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत तिगड़ा के गांव बढ़ईनपुरवा में ग्यारह वर्षीय बच्ची की ट्राली के नीचे आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीदेवी पुत्री राम अवतार उम्र लगभग 11 वर्ष के रूप में हुई है। ग्राम निवासी जगमोहन सिंह की ट्राली गांव में ही खाद भर रही थी। ट्राली के पास ही एक ग्यारह वर्ष की लड़की श्रीदेवी अपनी गोद में अपने एक वर्षीय भाई को ले कर खड़ी थी जो अचानक ट्राली के नीचे गिर गई जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई और गोद में लिए भाई को गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया गया था परंतु बाद में आपसी समझौते के बाद शव को सुपुर्द कर दिया गया है। ग्राम प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में पंचनामा भर दिया गया है तथा यह समझौता हुआ कि मृतक के पिता को 50 हजार रुपए तथा बच्चे का पूर्ण इलाज कराया जाएगा।

# महसी व बलहा में आयोजित हुआ फसल अवशेष जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा , बहराइच द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान मंगलवार को तहसील महसी के सबलापुर रायपुर तथा बुधवार को मोतीपुरवा वि0ख0 बलहा में आयोजित हुआ। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने किसानों को बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन मिट्टी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बहुत छोटा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रत्येक किसान को उठाना अत्यन्त आवश्यक है। इस कार्य को गति देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। कारण लाभदायक कीट व सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट आती है। उन्होने बताया कि फसल अवशेष भारत में पशुधन के आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसानों के स्तर पर समय की कमी और लागत के बोझ के कारण खेतों में काफी मात्रा में फसल अवशेषों को जला दिया जाता है। इसी क्रम में केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर पीके सिंह ने बताया कि कटाई की उपयुक्त मशीनों के उपयोग से अधिक मात्रा में फसल अवशेषों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकती है और फसल अवशेषों की बबार्दी को कम किया जा सकता है। उन्होने बताया कि फसल कटाई के बाद बचे पुआल को जलाने का एक तरीका यह है कि खेतों को अगले वसंत में बीज बोने के लिए तैयार किया जा सके। हालांकि, कुछ किसानों को सामान्य तरीकों से पुआल से निपटना मुश्किल लगता है। खेतों में फसल अवशेष को जलाने के बदले खेत की सफाई के लिए बेलर मशीन का प्रयोग, फसल के अवशेष को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कंपोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार (मल्चिग) विधि से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचाना आदि, हैप्पी सीडर से गेहूं की बोआई की जानी चाहिए। पराली जलाने से सड़कों पर धुआं आदि फैलता है जिसके दौरान दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं किसानों को डॉक्टर पी के सिंह जी द्वारा पराली ना जलाने की शपथ भी दिलाई गई। महसी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खेत में डी कंपोजर का छिड़काव कर पराली प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अशोक वर्मा , मदन मोहन वर्मा, मुंशी लाल, शिवकुमार मिश्रा,हजरत, किशोरी मदन मनोज आदि प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# सरयू आरती के साथ 101 दीपों से जगमग हुआ पावन सरयू नदी का तट

**पूर्णिमा के अवसर पर सरयू नदी में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। गायघाट में स्थित पौराणिक सरयू नदी पर पूर्णिमा के अवसर पर स्नान दान व मेले का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। इसके साथी नमामि गंगे समिति की ओर से सरयू नदी तट पर 101 दीप प्रज्वलित कर सरयू आरती की गई। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला गंगा समिति बहराइच के तत्वाधान में गायघाट सरयू नदी पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच वन प्रभाग राम सिंह यादव की उपस्थिति में नमामि गंगे प्रोग्राम के अंतर्गत सरयू नदी के तट पर कचनार, आंवला व आम के 03-03 तथा शीशम के 02 कुल 11 पौध रोपित किये गये। इसके पश्चात सरयू नदी के तट पर सम्पूर्ण विधि विधान एवं पूजा



अर्चना के पश्चात 101 दीपकों को प्रज्वलित कर दीपदान व सरयू आरती की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

# उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हुआ रुपईडीहा का नव निर्मित रेलवे स्टेशन का फर्श

**भारत-नेपाल सीमा पर स्थित स्टेशन के निर्माण में भ्रष्टाचार की आशंका, जांच की उठी मांग**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा में नव निर्मित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन अभी हुआ भी नहीं है, लेकिन प्लेटफॉर्म और ढांचा पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। यह स्टेशन नेपाल के निकटवर्ती शहर नेपालगंज के नाम से विकसित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर लगाए गए फर्श की ईंटें और पत्थर अब धंसने लगे हैं। वहीं, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए बनाए गए पैदल पुल (फुट ओवरब्रिज) पर भी दरारें स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं। प्लेटफार्म का कुछ हिस्सा 1 से 2 इंच तक धँस गया है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार की आशंका स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि स्टेशन का निर्माण कार्य कर रही एजेंसी और ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ है। नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि स्टेशन का निर्माण अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हो रहा है, इसलिए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब स्टेशन अभी निमार्णाधीन अवस्था में ही क्षतिग्रस्त होने लगा है, तो उद्घाटन के बाद इसकी स्थिति क्या होगी। उनका कहना है कि अगर निर्माण गुणवत्ता की जांच नहीं हुई, तो यह परियोजना जल्द ही जर्जर अवस्था में पहुंच सकती है।

# जिले में खाद बीज की दुकानों पर औचक निरीक्षण, संदिग्धता पर पांच नमूने भरे

## जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव द्वारा बलहा एवं मिहींपुरवा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की कार्यवाही गई। छापेमारी के दौरान 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर उर्वरकों पांच नमूने संग्रहीत किए गए एवं दो विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उर्वरक विक्रेता धनीराम गुप्ता मटिहा मोड, पटेल खाद भंडार गोकुलपुर, अग्रवाल बीज भंडार मिहींपुरवा के यहां जांच में संदिग्धता के आधार पर नमूने भरकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। डॉ.सूबेदार यादव ने बताया कि समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता ई पॉस मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड डे-बाई-डे अद्यतन रखकर निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। जिले उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमितता बरते जाने एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी करने, बिना लाइसेंस एवं संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी के जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जा सके।

# अपनी जनता पार्टी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**सीजेआई पर जूता फेंकने वाले की गिरफ्तारी की मांग, बोले – सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, अपनी जनता पार्टी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा, जिसमें कई गंभीर मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीराम मौर्य ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है, जो सरकार की मिलीभगत को दशार्ता है। ज्ञापन में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अन्य पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम समाज के नौजवानों की लगातार हो रही हत्याओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा दोषी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, एससी, एसटी और ओबीसी समाज की महिलाओं के साथ हो रहे गैंगरेप, बलात्कार, दुराचार और हत्या की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी प्रभावी रोकथाम और संबंधित अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। पार्टी ने इन गंभीर अपराधों में शिथिलता बरतने या लीपापोती करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही, एससी, एसटी, ओबीसी एवं मुस्लिम समाज पर जाति और धर्म के आधार पर हो रही भेदभावपूर्ण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की अपील की गई। अपनी जनता पार्टी ने संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र पर हमला करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी कराकर संविधान और सर्वोच्च न्यायालय की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने को केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बताया।

# फसल नुकसान पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**खराब हुई फसलों के लिए मुआवजे की मांग, शहर अध्यक्ष– बिहार के तरीके से यूपी में नहीं होगा खेला**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, शहर कांग्रेस कमेटी ने बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है और सुल्तानपुर जनपद की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश ने धान, आलू, हरी सब्जियों और तिलहन की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति हुई है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। शकील अहमद ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वे अत्यंत दुखी और मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए सहयोग का आग्रह किया। वही एसआईआर को लेकर शकील ने कहा हम आपको बताना चाहते हैं बिहार के तरीके से उत्तर प्रदेश में नहीं होने पाएगा। क्योंकि हम बूथ स्तर पर बीएलए 1, बीएलए 2 नियुक्त कर चुके हैं। यहां पर खेल नहीं होगा। हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं और घर-घर जाएंगे इसका जो पूरी तरीके से प्रक्रिया है अपनाएंगे।

# तहसील परिसर में अधिवक्ताओं में मारपीट

**एक वकील घायल, पुलिस बल तैनात; आरोपियों पर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिला मुख्यालय गौरीगंज तहसील परिसर में पुरानी रंजिश के चलते अधिवक्ताओं के दो गुटों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक अधिवक्ता घायल हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। यह घटना जब बार एसोसिएशन के दो गुट आमने-सामने आ गए। मारपीट में अधिवक्ता उमाशंकर मिश्र पुत्र सोमनाथ मिश्र को चोटें आईं। घायल अधिवक्ता उमाशंकर मिश्र ने आरोप लगाया कि जब वे तहसील परिसर के बाहर एक दुकान पर चाय पी रहे थे, तभी अभय शुक्ला पुत्र करुणा शंकर शुक्ला निवासी सहजीपुर, थाना संग्रामपुर, अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। उमाशंकर के अनुसार, हमलावरों ने उनकी आंख फोड़ने की भी कोशिश की और उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। इस दौरान उनकी सोने की अंगूठी भी छीन ली गई। मौके पर मौजूद अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित अधिवक्ता ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उमाशंकर मिश्र ने बताया कि आरोपी अभय शुक्ला अधिवक्ता नहीं हैं और अक्सर राजकरण तिवारी के साथ रहते हैं।

## संक्षेप

### बीएलओ करेंगे एसआईआर का कार्य

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। डीएम ने तहसील सदर के सभागार में एसआईआर के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया कि आप घर-घर जाकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ करें। उक्त कार्य महत्वपूर्ण है, जिसके लिए आप नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि देश में 08 बार एसआईआर हुआ है तथा वर्ष 2025 का एसआईआर 09वीं बार किया जा रहा है। जनपद में 2130 बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि बीएलओ को एसआईआर कार्य में सहयोग करें, जिससे शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

### महिलाएं और पुरुष दिन-रात अनवरत जप रहे राधा नाम

**24 अक्टूबर से शुरू हुआ भरतीया गांव में अखंड संकीर्तन**

मथुरा। जैत का गांव भरतिया राधा नाम जाप का केंद्र बन गया है। चौबीस घंटे का संकीर्तन हवा में सुरूर छोड़ रहे है। महिला पुरुष भक्ति में लीन होकर तन्मयता से संकीर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं।24 अक्टूबर को राधे कृष्ण का अखंड संकीर्तन गांव के मंदिर पर शुरू हुआ था। रात दिन राधा कृष्णा जाप की तपिश आसपास तक पहुंची तो आसपास के ग्रामीण भी एकत्रित होने लगे। आखिर कलियुग में नाम ही तो भवसागर से उबार सकने में सक्षम है। यह संकीर्तन एक साल तक निरंतर मंदिर की महक में हलचल मचाएगा। गांव के महिला पुरुष बड़े चाव से कार्यक्रम में भाग लेकर अपने को भाग्यशाली मान रहे हैं।यही नहीं की केवल संकीर्तन की बयार ही मंदिर परिसर में बह रही हो, समय समय पर कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। देवोत्थान एकादशी पर शालिग्राम तुलसी विवाह की रस्म भी मंदिर प्रांगण में विधि विधान से संपन्न की गई। परम संत राघवदास के सानिध्य में होने वाले संकीर्तन में राजस्थान से लोग आ रहे हैं। खासकर जोधपुर और जैतारण से। संत राघवदास महाराज ने बताया कि कलियुग में केवल परम नाम ही मोक्ष का आधार है। बीते दिन मंदिर पर दर्जनभर महिलाओं का समूह संकीर्तन को अंजाम दे रहा था। जिनमें एक वयोवृद्ध महिला भी भाग लेकर अपने कोकृतज्ञ मान रही थी। आगंतुकों को चूरमा बाटी का प्रसाद भी तैयार किया गया था। जो हर आने वाले आगंतुक को परोसा जा रहा था। समाजसेवी ठा केके सिंह ने बताया कि संकीर्तन में गांव की वृद्धाएं भी भाग लेकर अपने को धन्य बना रही हैं। संकीर्तन में अपरिमित भक्ति रस की सरिता प्रवाहित हो रही है। इस मौके पर हरि शरण महाराज, मोहनदास महाराज, जुगल सिंह, केहरीसिंह, मोहन सिंह चाहर, अर्जुन सिंह ठनुआ, जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, भोजेंद्र सिंह, गौरव सिंह, राजा चौधरी, कुलदीप फौजदार, आशीष, जॉनी राजावत, सचिन सिंह, सुघड़ सिंह, गणपत सिंह, धर्म सिंह, सीनू सेठ, अजय पाल सिंह, सत्येंद्र झा, बादल सिंह, तारा सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## ब्रजराज उत्सव की संध्या पर सांसद हेमा मालिनी की अनुपम प्रस्तुति

### नाट्य मंचन में यशोदा स्वरूप में सांसद ने किया शानदार अभिनय




अमन लेखनी समाचार

मथुरा के ब्रज रज उत्सव की संध्या में मथुरा सांसद ड्रीम गर्ल पद्मश्री हेमा मालिनी की अनुपम प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्ति और भाव से सरोबार कर दिया। मंच पर उन्होंने अपनी प्रसिद्ध नृत्य नाटिका यशोदा कृष्ण का सजीव मंचन किया, जिसमें मां यशोदा के वात्सल्य और बालकृष्ण की मोहक लीलाओं को अत्यंत भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। यहाँ धौलीप्याऊ स्थित रेलवे मैदान पर आयोजित ब्रजरज उत्सव में सिने अभिनेत्री हेमामालिनी द्वारा प्रस्तुत प्रसिद्ध नृत्य नाटिका यशोदा कृष्ण का मंचन किया गया। नृत्य के हर भाव, मुद्रा और लय के साथ हेमा मालिनी ने साथी कलाकारों के साथ मातृत्व की कोमलता और कृष्ण के बालरूप की नटखट छवि को इस तरह साकार किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। जब मंच पर कृष्ण माखन चुराते और यशोदा उन्हें स्नेहपूर्वक डांटतीं दिखीं, तो दृश्य इतना जीवंत लगा मानो गोकुल की गलियों का सजीव प्रसंग सामने आ गया हो। नृत्य नाटिका की संगीतमय पृष्ठभूमि, शास्त्रीय रागों और भावप्रधान गीतों ने प्रस्तुति को दिव्यता प्रदान की। प्रकाश व्यवस्था और मंच सज्जा ने हर दृश्य को अलौकिक बना दिया। मां यशोदा के स्वरूप में हेमा मालिनी की साथी कलाकारों की संगति, सधी ताल और सूक्ष्म अभिनय ने प्रदर्शन को पूर्णता प्रदान की। मंचन में हर दृश्य पर दर्शकों के भाव भी गंभीर हो गए। श्रद्धा का ऐसा संचार हुआ कि हर दृश्य देख बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी यशोदा-कृष्ण की लीला में डूब गए। उत्सव स्थल पर श्रोताओं ने उत्सव के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी, वृन्दावन के अध्यक्ष न्यायाधीश हाईकोर्ट (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश पांडेय, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, परिषद के सीईओ सूरज पटेल ने किया। गणमान्य लोगों के साथ विशाल भीड़ मौजूद रही। अतिथियों ने पद्मश्री हेमा मालिनी तथा मुंबई से आए उनके साथी कलाकारों का अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में होंगे भव्य कार्यक्रम

### 7 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चलेंगे राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में भव्य उत्सव और जनअभियान की शुरूआत की जा रही है। इसी क्रम में भाजपा मथुरा महानगर द्वारा बुधवार को महानगर अध्यक्ष के कैंप कार्यालय होली गेट स्थित अंतापाड़ा पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया गया कि महानगर इकाई द्वारा 7 नवम्बर को महानगर के 12 मंडलों में अलग-अलग स्थानों पर 150 कार्यकताओं के साथ सामूहिक वंदे मातरम् गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 8 से 15 नवम्बर 2025 तक महानगर के सभी सेक्टरों पर सामूहिक गायन एवं जनसभा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया विधानसभा स्तर पर माननीय सांसदों और विधायकों के नेतृत्व में राष्ट्रगीत गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि मण्डल स्तर पर वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति और आमजन की सहभागिता के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। वहीं राजू यादव ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम् की प्रेरक भूमिका को स्मरण कराने का माध्यम बनेगा। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि वंदे मातरम् देश की आत्मा और एकता का प्रतीक है, और भाजपा इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए समर्पित ह। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष दीपक गोला बृज क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक हेमंत खंदौली पूर्व मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा नितिन चतुर्वेदी आदि मौजूद थे

## बागेश्वर महाराज यात्रा में मुस्लिमों को ब्रजभूमि में नही घुसने देंगे: दिनेश फलाहारी महाराज

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। बागेश्वर महाराज की एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जिसमें उन्होंने 300 मुसलमानॉ को यात्रा में शामिल करने की बात कही है, इस पर ब्रजभूमि भूमि में हिंदूवादी और सनातनी और साधु संतों में आक्रोश दिखाई दे रहा है ,श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने ऐलान कर दिया है कि इस ब्रजभूमि में गैर सनातनी को यात्रा में नहीं घुसने देंगे ,यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है ,साधु संतों ने आज नारेबाजी लगाकर गैर सनातनियों का बागेश्वर यात्रा में शामिल होने का विरोध किया है, आज विष्णु धाम, वृंदावन में स्थित सभी सनातनी और साधू संतों की बैठक में बागेश्वर महाराज के द्वारा मुसलमानो को शामिल करने का विरोध किया गया ,इस मौके पर बैठक में महामंडल रामदास जी महाराज, महामंडलेश्वर राधा नंद गिरी, महामंडलेश्वर इंदुलेखा,समाज सेवी राजेश पाठक ,अनिल कृष्ण शास्त्री ,अंकित शास्त्री, वल्लभाचार्य जी,कन्हैया कौशिक, नरेश ठाकुर ,राहुल गौतम, मृदुल शास्त्री, बालमुकुंद शास्त्री मनोहर ,शास्त्री गोविंद शास्त्री, आदि उपस्थित रहे।

## सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज से दिव्य शिक्षाएं एवं आनंद समेटे हुए ब्रज के निरंकारी श्रद्धालु वापस लौटे

अमन लेखनी समाचार

- 78 वें निरंकारी संत समागम में दिया गया आत्म मंथन के विविध पहलुओं पर आधारित संदेश
- सबका मूल स्रोत परमात्मा है उसके साथ नाता जोड़े



मथुरा। प्रेम, सेवा, समर्पण, सत्य ज्ञान से ओतप्रोत 78 वां निरंकारी संत समागम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, जिसमें चारों दिन लगातार समागम के मुख्य विषय आत्ममंथन पर आधारित संदेश दिया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में 650 एकड़ के विशाल मैदान पर 31 अक्तूबर से शुरू हुए संत समागम में पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों के लाखों भक्तों सहित ब्रज क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मथुरा जोन के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा के साथ सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता के अनुठे आनंद से लाभान्वित हुए। समालखा से लौटे मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि मथुरा के सेवादार भक्तों ने समागम में सेवादल रैली, निरंकारी प्रदर्शनी, रेलवे काउंटर, प्रेस एवं पब्लिसिटी, प्रचार विभाग, ज्ञान कक्ष आदि स्थानों पर अपनी सेवाएं दी, वहीं मथुरा के श्रीरामजी ब्रजवासी ग्रुप ने हरदेव वाणी के शब्द संख्या 72 वें पद का गायन कर ब्रज की उपस्थिति दर्ज कराई। मथुरा से गए निरंकारी भक्त, सतगुरू के आशीर्वचनों के रूप में प्राप्त दिव्य शिक्षाएं एवं आनंद समेटे हुए मंगलवार को वापस लौट आए हैं, जबकि सेवादल का एक जत्था बुधवार सुबह वापस लौटेगा। समागम में विश्वभर से पहुंचे विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया कि आत्ममंथन केवल विचार करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है। आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार परमात्मा से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल भौतिकता में आसक्त रहना अथवा आध्यात्मिक उन्नति के लिए घर परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा कर लेना ये दोनों ही जीवन के चरम छोर हैं। संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है। जीवन में यदि हम निराकार परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए हर कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से युक्त सेवा ही बन जाता है जिससे जीवन के दोनों पहलुओं की पुर्ति हो जाती है। माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि एक निराकार परमात्मा ही है जो सदैव काल सत्य रहने वाला है। यही सबका मूल स्रोत है। जब इस स्रोत के साथ जुड़कर एकत्व के भाव में समाहित हो जाते हैं तो फिर कोई विपरीत भाव मन में उत्पन्न नहीं होता। समागम का मुख्य विषय आत्ममंथन भी इसी ओर अग्रसर करता है। समागम के चार दिनों में जो आत्ममंथन हो गया है और जो दिव्य सिखलाई प्राप्त हुई है उसे दिनरात, जीवनपर्यन्त अपने जीवन में अपनाते हुए स्वयं का भी कल्याण करे और दूसरों का भी कल्याण करते चले जायें। आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने अपने पावन विचार प्रकट करते हुए कहा कि परमात्मा एक सार्वभौमिक सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहेगा। परमात्मा की पहचान करके ही सार्वभौमिक सत्य को जाना जा सकता है और जानने के उपरान्त समझ में आता है कि यह परम सत्य प्रत्येक जीव के लिए एक ही है। इस सत्य को जानने का अधिकार हर मानव को है, इस परम सत्य का बोध कराने के लिए ही सतुगुरु धरा पर आते हैं। दूसरे दिन हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने अपनी अर्धांगिनी के साथ समागम में पधारकर सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद प्राप्त किए और उनके प्रति अपना आदर-सम्मान प्रकट करते हुए जहां संत निरंकारी मिशन की दिव्य विचारधारा एवं मानवता के प्रति निष्काम सेवाओं की प्रशंसा की, वहीं निरंकारी सेवादल के स्वयंसेवकों के मयार्दा एवं अनुशासन की भी सराहना की। समागम के तीसरे दिन हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने समागम में पधारकर सतुगुरु के आशिष प्राप्त किए। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन आत्ममंथन, आत्मसुधार एवं समाज निर्माण का प्रेरणा स्रोत है। यहां सारे भेदभावों से उपर उठकर मानव को मानव बनने की शिक्षा दी जाती है। आध्यात्मिक जागरूकता के साथ साथ मिशन समाज कल्याण के कार्यों में भी अनुकरणीय योगदान दे रहा है जो अत्यंत सराहनीय है।

## फिल्मी अंदाज में प्रेमिका की शादी में पहुंच प्रेमी युवक

अमन लेखनी समाचार



उत्तर प्रदेश के मथुरा के कोसीकलां निवासी धर्मवीर (30 वर्ष) नामक युवक ने अपनी प्रेमिका की शादी रोकने के लिए हरियाणा के फरीदाबाद पहुंचकर सनसनी मचा दी। घटना सेक्टर-11 क्षेत्र की है, जहां 2 नवंबर को शादी समारोह में वरमाला की रस्म शुरू होने ही वाली थी। पुलिस के अनुसार, धर्मवीर ने वैगनआर कार से फिल्मी अंदाज में प्रवेश किया और कार से उतरते ही काले रंग के बैग से कुल्हाड़ी निकाल ली। वह चिल्लाते हुए बोला– ह्यह शादी नहीं होगी, लड़की किसी और की नहीं हो सकती।ह्व इस दौरान दुल्हन की बुआ ने साहस दिखाते हुए उसकी कुल्हाड़ी पकड़ ली, जिससे बड़ी वारदात टल गई। इसके बाद घराती और बाराती लोगों ने मिलकर उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को सेक्टर-11 पुलिस चौकी ले गई। वहां धर्मवीर ने अपने बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली, खुद पर छिड़का और आग लगा ली। पुलिस ने तुरंत आग बुझाई और उसे बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। करीब 50 से 60 प्रतिशत झुलसने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लड़की के भाई प्रवीण के अनुसार, धर्मवीर उनकी बहन का क्लास 11 से ही पीछा कर रहा था और अब परिवार को अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। सेक्टर-11 पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि धर्मवीर 10 साल से शादीशुदा था और तीन बच्चों का पिता था। वह मथुरा में कैफे चलाता था। उसकी रामनगर, फरीदाबाद में रिश्तेदारी थी, जिसके चलते उसकी पहचान उस युवती से हुई थी। दोनों के बीच चार साल से संबंध थे। युवती की शादी तय होने के बाद धर्मवीर ने उसे शादी न करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया था। पुलिस ने बताया कि लड़की के परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। युवक की मौत इलाज के दौरान सफदरजंग अस्पताल में हुई। डॉक्टरों के अनुसार, युवक करीब 50 फीसदी तक झुलस चुका था।

## महेंद्र की अदालत पर निगाहें, धरातल पर संघर्ष

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की निर्णायक लड़ाई में गौड़ीय मठ भी देगा साक्ष्य

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति को लेकर कानूनी और सामाजिक दोनों मोर्चों पर संघर्ष तेज हो गया है। एक ओर अदालत में *एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह* की कानूनी लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर *गौड़ीय मठ* जैसे धार्मिक संस्थान इस अभियान को नई ऊर्जा दे रहे हैं। गोवर्धन में गौड़ीय मठ में आयोजित कार्यक्रम में महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जब *कन्हैया के असली गर्भगृह* की मुक्ति के लिए समाज और साधु-संत एकजुट हों। उन्होंने बताया कि अदालत में चल रहे प्रकरण में गौड़ीय मठ के संतों की भी अहम भूमिका होगी, जो अपने साक्ष्यों और गवाही के माध्यम से वास्तविक जन्मस्थान की पुष्टि करेंगे। महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जहां आज ईदगाह स्थित है, वही स्थान असल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान है – वही कंस की कालकोठरी, जहां माता देवकी की कोख से भगवान का अवतरण हुआ था। यही स्थल कभी भगवान ठाकुर केशवदेव का विशाल मंदिर प्रांगण हुआ करता था, जिसे मुगल शासक औरंगजेब ने ध्वस्त कर दिया और उस पर ईदगाह का निर्माण करा दिया। उन्होंने कहा कि सदियों से चली आ रही इस पीड़ा के अंत का समय अब निकट है। हमारी लड़ाई केवल भूमि की नहीं, बल्कि आस्था की है, महेंद्र ने कहा। अदालत में साक्ष्य, प्रमाण और इतिहास हमारे पक्ष में हैं, और धरातल पर समाज का आशीर्वाद और संकल्प हमारे साथ है। उनके अनुसार यह प्रकरण अब हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है, जहां साक्ष्य और वीडियो प्रमाणों के आधार पर न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक दिन वह पवित्र स्थान, जहां कन्हैया ने जन्म लिया था, पुनः भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बनेगा। ब्रजवासी भी अब इस आंदोलन को केवल अदालत की चारदीवारी तक सीमित नहीं देख रहे – उनके लिए यह संघर्ष धर्म और इतिहास की पुनर्स्थापना बन चुका है।

## गोवर्धन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घंटों जाम में फांसी गाड़ियां

### मानसी गंगा और राधाकुण्ड में स्नानार्थियों की रही भीड़

अमन लेखनी समाचार



गोवर्धन। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा को लेकर गिरिराज दानघाटी मंदिर, मुखारबिन्द, चकलेश्वर और जतीपुरा मुखारबिंद पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे कई बार व्यवस्थाएं गड़बड़ाती नजर आयीं। परिक्रमार्थियों की भारी भीड़ और गिरिराज महाराज के जयकारों गोवर्धन नगरी गूंज उठी। आज कार्तिक मास के समापन और पूर्णिमा होने के कारण गोवर्धन में जाम

सात कोस में गूंजे गिरिराज महाराज के जयकारे

की स्थिति देखी गई। बसस्टैण्ड सेलेकर दानघाटी तक और आगे के बाजारों में भी परिक्रमार्थियों के रेले नजर आए। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में भारी भीड़ देखी गई। पवित्र मानसी गंगा में स्नान करते महिला पुरूष आज कार्तिक पूर्णिमा पर्व मना रहे थे। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में कार्तिक पूर्णिमा के कारण आज दिन में भारी भीड़ रही। सर्दी का मौसम होने के कारण धूप में महिला पुरूष और बच्चों ने गिरिराज प्रभु की परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गाती बजाती महिलाएं गिरिराज महाराज के जयकारों के साथ श्रद्धाभाव में नजर आयीं। मंदिरों के दर्शन पवित्र मानसी गंगा, कुसुम सरोबर, राधाकुण्ड में लोगों ने डुबकी लगायी। राधाकुण्ड में भी मंदिरों में विविध धार्मिक

आयोजन हुए। प्रातः काल से ही लोगों की संख्या बढ़ती नजर आयी।

## जागरूकता रैली को हरि झंडी यातायात माह का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में यातायात माह का फीता काटकर शुभारंभ किया। डीएम एसएसपी ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यातायात माह नवंबर जागरूकता कार्यक्रम में गुब्बारे उड़ाए। जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि यातायात नियमों का अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन ना चलाएं, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें, शराब के नशे में वाहन ना चलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन धीमा चलाये, अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी बचाये। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात जागरूकता रैली एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस तरह की रैलियों में आम जनता, स्कूली बच्चे, और विभिन्न संगठनों के सदस्य भाग लेते हैं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। यातायात माह नवंबर में जागरूकता रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि यातायात नियम वे नियम हैं जो सड़कों पर यातायात को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और यातायात को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, कार चलाते समय सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है, यातायात संकेतों जैसे कि लाल बत्ती, हरी बत्ती और यातायात पुलिस के संकेतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति सीमा के अनुसार वाहन चलाना चाहिए, ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना चाहिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करना चाहिए तथा यातायात लेन का पालन करना और दूसरे वाहनों को परेशान न करना हम सभी का दायित्व है।

## मोबाइल सहित दो चोर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

मथुरा थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम तथा आर०पी०एफ० टीम द्वारा 2 नफर अभियुक्तगण को चोरी के 2 मोबाइल के साथ रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म न० 8 के आगरा साईड अन्तिम छोर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पूछताछ करने पर अभियुक्त नहीं बताया कि हम सभी लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने के लिए ट्रेनों में यात्रियों के साथ लूटपाट में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैंथाना प्रभारी का कहना है कि उनके खिलाफ इससे पहले भी कई मामलों में मुकदमा पंजीकृत है

## दो दिवसीय यमुना आरती एवं राष्ट्रीय दीपदान महोत्सव का भव्य आयोजन

### श्री रितेश्वर महाराज जी के सानिध्य में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



मथुरा धर्म की नगरी वृन्दावन में पावन कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज जी के सान्निध्य में दो दिवसीय यमुना आरती एवं राष्ट्रीय दीपदान महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।यहां सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज जी के नेतृत्व में भक्तगण पद यात्रा द्वारा चीर घाट पर सामूहिक यमुना आरती एवं राष्ट्र के नाम दीपदान किया गया। यह आयोजन आस्था, एकता और प्रकाश का प्रतीक है। सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज जी का संदेश में कहा दीपदान का उल्लेख हमारे सनातन धर्म के ग्रंथों में अत्यंत पवित्र कर्म के रूप में है।दीप जलाना केवल आराधना नहीं, यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और भीतर की दिव्यता के जागरण का प्रतीक है। जब दीपदान राष्ट्र के नाम किया जाता है, तो यह सामूहिक ऊर्जा शांति, समृद्धि और जनकल्याण का माध्यम बन जाती है।सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज जी ने देशबासियों से आह्वान है कि जहाँ कहीं भी हों, वहीं से दीपदान करें।अपने दीप से राष्ट्र को प्रकाशित करें

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने किसान को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, खेत से काम कर लौट रहे एक किसान को बाइक सवार ने सड़क पार करते समय टक्कर मार दी। हादसे में घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार की सुबह ग्राम मोहब्बतपुर निवासी किसान रुकमंगल 65 वर्ष पुत्र राजाराम खेत से बाटी डालकर वापस लौट रहा था जैसे ही गढ़ी रसूलपुर के पास सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना में किसान गंभीर घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा आनन-फानन सामुदायिक स्वास्य केंद्र मल्लावां में लाया गया। चिकित्सक दिव्यांश बाजपेई ने किसान को देखकर मृत घोषित कर दिया। इधर बाइक चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। मृतक के तीन पुत्र और दो पुत्री है। एक पुत्र अविवाहित है।

## कोतवाली देहात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, वांछित अभियुक्त घायल हालत में गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कोतवाली देहात पुलिस टीम ने बीती रात मुठभेड़ के दौरान एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज था और वह फरार चल रहा था। मुठभेड़ में पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक, दिनांक 3 नवम्बर 2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। जांच के दौरान अभियुक्त की पहचान रोहित पुत्र गंगाराम निवासी काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई। बुधवार रात पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त क्षेत्र के जंगलों में छिपा हुआ है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते ही अभियुक्त ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई।

# ओआरएस कार्नर बनाकर ककोड़ा मेले में डायरिया के प्रति किया जागरूक

### पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से बनाया गया ओआरएस कार्नर

अमन लेखनी समाचार



बदायूं। जनपद के कादरचौक ब्लॉक में आयोजित ककोड़ा मेला में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के तहत मेले में ओआरएस कार्नर बनाया गया है, जिसको डायरिया सम्बन्धी पोस्टर-बैनर से भव्य तरीके से सजाया गया है और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इस मौके पर लोगों को ओआरएस के पैकेट व जिंक के टेबलेट प्रदान किए गए और डायरिया की स्थिति में उसके उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पम्पलेट का भी वितरण किया गया।

ककोड़ा मेले में मंगलवार की देर शाम ओआरएस कार्नर का शुभारम्भ केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र यादव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियन्त्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से और बल मिल रहा है। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। आशा कार्यकर्ताओ, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं का क्षमतावर्धन किया गया है जो कि दस्त प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा बच्चों में ओआरएस और जिंक का वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है, डायरिया की शीघ्र पहचान करने के साथ ही मामलों के उच्च कवरेज और प्रबन्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। डायरिया की शुरूआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है। 24 घंटे में यदि तीन बार पतली दस्त आ रही है तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं और यह लम्बे समय तक बनी रहे तो यह गंभीर डायरिया का रूप ले सकती है। पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि शशांक दुबे ने बताया कि मेले के समापन तक ओआरएस कार्नर के जरिए डायरिया के प्रति जागरूकता का यह अभियान चलाया जाएगा।

# झोकन बाग गुरुद्वारा में गुरु नानक जी का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार, झोकन बाग में प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में दिनभर कीर्तन, शबद वाणी और लंगर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने गुरुद्वारे पहुँचकर गुरु नानक देव जी के चरणों में मत्था टेका और सभी को भाईचारे एवं सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा गुरु नानक देव जी ने हमें मानवता, समानता और सेवा का अमूल्य संदेश दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति दूसरों की सहायता और प्रेमभाव में है। इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरु नानक जी के उपदेश- 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको' को अपने जीवन में उतारें और समाज में प्रेम, शांति व एकता का प्रकाश फैलायें।

गुरुद्वारे में ह्लसतनाम श्री वाहेगुरुह्व के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर परमजीत सिंह, सतनाम सिंह, अमनदीप सिंह भटिया, गगनदीप सिंह, रत्नाकर सिंह, रोनक बग्गा, कारन सिंह, इंदर मोहन सिंह, कालू भैया (बासन जी) और नेट्टू नागपाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से अनुज प्रताप सिंह इंजीनियर राजेश कुमार और धर्मेंद्र गुर्जर सूरज वर्मा सिद्धांत गुप्ता राकेश आदि उपस्थित रहे

# लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया पूजन अर्चन

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। कार्तिक पूर्णिमा पर बेरियाघाट को गंगा स्नान जाने वालों की सुबह से ही भारी भीड़ बनी रही, श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजन अर्चन कर दान पुण्य किया।

बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय बेरियाघाट पर लाखों की संख्या में पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। ऐसे में भाजपा विधायक आशीष सिंह ने परिवार के साथ स्नान किया। उनके द्वारा गंगा आरती की भी व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की गई थी। इसी तरह सपा नेता ब्रजेश वर्मा टिल्लू ने भी गंगा तट पर आरती का प्रबंध और दंगल का आयोजन कराया। उन्होंने भी परिवार के साथ डुबकी लगाई। बेरियाघाट पर राजकीय मेल होने के प्रशासन की चाक चौबंध व्यवस्था में लगा रहा ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। महिलाओं के लिए गंगा स्नान के बाद वस्त्र बदलने हेतु कनाते लगाई गईं। सुरक्षा को लेकर गोताखोर भी तैनात रहे। दोपहर 3 बजे तक मेले से लौटने वाले श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। ऐसे में चौराहे पर वाहनों की लम्बी लाइने लगी रहने से जाम की स्थित बनी रही, कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने खुद मोर्चा संभालकर यातायात बहाल कराया।

### सोनभद्र में धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के स्थापना दिवस पर योग मैराथन दौड़ और प्रादेशिक कला प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

ओबरा सोनभद्र। स्वास्थ्य, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के बुलंद उद्घोष के साथ, पंडित स्वर्गीय नागेश्वर पाठक जी की स्मृति एवं धनवन्तरी पतंजलि योग संस्थान ने ओबरा, सोनभद्र में अपना पांचवे स्थापना दिवस एक अविस्मरणीय उत्सव के रूप में मनाया। 02 नवंबर 2025, दिन रविवार को, स्वर्गीय पंडित नागेश्वर पाठक की स्मृति में, योग मैराथन दौड़ और एक भव्य प्रादेशिक कला प्रतियोगिता का संयुक्त आयोजन किया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा तीर्थ स्थल पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नगर के नर्मदा तीर्थ स्थल पर भव्य भंडारा का आयोजन नगर के संभ्रांत लोगों द्वारा किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा पर भव्य मेला में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर मेले का आनंद उठाया। इस अवसर पर तहसीलदार संध्या यादव ने नर्मदा तीर्थ स्थल पर पहुंच कर आयोजित भंडारे व मेले का अवलोकन करने के साथ ही तेधेश्वरनाथ मंदिर में पहुंच कर माता टेका और तदोपरांत आयोजित भव्य भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्णिमा मेले में नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा नर्मदा तीर्थ स्थल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें नगर के अधिवक्ता बसंत गुप्ता ₹मानव₹, रामजी तिवारी, अमित मिश्रा, अमितेश मिश्रा, अमित गुप्ता, योगेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, रमाकांत मौर्य, रामराज सिंह, राजेश कुमार, सुनील कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में माताओं बहनों और बच्चों ने पूर्णिमा के अवसर पर प्रसाद छका। मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं और बच्चों ने खरीददारी की।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, कई लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। गंगा स्नान कर वापस जा रहे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिसमें ट्राली में सवार 14 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी 9 घायलों को डॉक्टर ने रेफर कर दिया। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर बेरिया घाट से गंगा स्नान कर घर जा रहे श्रद्धालुओं की कार ने ओवरटेक करने से ट्रैक्टर ट्राली चालक अनियंत्रित होकर मटियामऊ माधौगंज मार्ग सेलापुर के निकट पलट गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने प्राथमिक उपचार कर घायल किरन पत्नी किशोरी मोतीपुर व, लखीमपुर पूजा पत्नी अनिरुद्ध अच्छावापुर तंबौर सीतापुर दीपा पत्नी नीरज सकैता लखीमपुर, पिंकी पत्नी तेजपाल निवासी डेल्ही पुरवा लखीमपुर, रिंकी पत्नी ब्रजमोहन निवासी डेल्ही, नीरज पुत्र राम सिंह निवासी सईदा पुर लखीमपुर, ब्रजमोहन पुत्र मैकू लाल डेल्ही, मिथिलेश पत्नी राम नरेश निवासी अशोगा पुर, प्रांशु शुक्ला पत्नी उदित शुक्ला शहजनी लखीमपुर को रेफर कर दिया वही विशाल पुत्र हुकुमचंद अशोगा पुर खीरी, शिवानी पुत्री राम किशोर अशोगा पुर, शोभनी पत्नी रमन सिंह तंबौर सीतापुर, धरना देवी पत्नी प्रेम शंकर निवासी जनखड़ लखीमपुर, शशि पत्नी शिव कुमार तंबौर सीतापुर को मामूली चोटें आई।

# दबंगों ने युवक को दिनदहाड़े गोली मारकर किया घायल, गंगा स्नान को जा रहे थे दोनों भाई

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र में बुधवार को दबंगों ने एक युवक को दिनदहाड़े घेरकर गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद ले जाया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार वासितनगर निवासी पंकज दीक्षित (37) पुत्र अशोक कुमार दीक्षित अपने भाई के साथ बाइक से गंगा स्नान के लिए जा रहा था। इसी दौरान पिपरिया पुल के पास दबंगों ने घेरकर उस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली उसके पेट में जा लगी। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक, दबंगों ने पूर्व में भी पंकज पर फायरिंग की थी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया था लेकिन उस समय भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी। घटना की सूचना पर शाहाबाद पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहाबाद पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### नवजात बच्ची झाड़ियों में मिलने से सनसनी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। क्षेत्र के बेरियाघाट पर एक नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी मिली, पास से गुजर एक शख्स ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसे गले लगाकर पुलिस को सूचना दी। मंगलवार की रात्रि बेरियाघाट पर गंगा स्नान को गए पराकला थाना कछौना मंजेश पुत्र अजय पाल को झाड़ियों में एक मासूम नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। तो उन्होंने देखा कि बच्ची पड़ी है उसे उठाकर पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया। चिकित्सक दिव्यांश चंद्र बाजपेई ने प्राथमिक उपचार के बाद टीकाकरण कराया। बच्ची को फिलहाल मंजेश को ही सौंप दिया गया है। ताकि सुरक्षित रहे। वहीं मंजेश ने बताया कि वो निः संतान है भगवान ने उसे बच्ची देकर जीवन में खुश हाल कर दिया।

# रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा झपट्टामारी करने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, छिना गया दो मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीनने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 12.06.2025 को युगल किशोर पुत्र स्व0 श्यामु निवासी ग्राम कुतुलुपुर थाना रॉबट्र्सगंज की पुत्री मधुपुर बाजार से अपने घर वापस जा रही थी। इसी दौरान ग्राम बट के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा झपट्टामारी कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया था। घटना के संबंध में थाना रॉबट्र्सगंज पर मु0अ0सं0 1089/2025 धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 04.11.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन रोड, रॉबट्र्सगंज से दो शातिर अभियुक्तों –

1 सचिन चौहान पुत्र इन्द्रेश चौहान उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम भरतपुरा, थाना धनघटा, जनपद संत कबीरनगर।

2 संजय चौहान पुत्र इन्द्रेश चौहान उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी ग्राम भरतपुरा, थाना धनघटा, जनपद संत कबीरनगर।

– को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से झपट्टा मारी में प्रयुक्त दो अदद एंड्रॉइड मोबाइल बरामद किए गए पूछताछ में अभियुक्तगणों ने स्वीकार किया कि वे टाइल्स का कार्य करते हैं और विभिन्न जनपदों में घूम-घूमकर काम करते हैं। लगभग 5झ्र6 माह पूर्व रॉबट्र्सगंज में कार्य के दौरान वापसी में दिनांक 12.06.2025 को उन्होंने एक साइकिल सवार लड़की की झपट्टामारी कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम थाना धनघटा, जनपद संत कबीरनगर रवाना की गई है।

# चोपन पुलिस द्वारा मंत्री स्कॉर्ट वाहन से विवाद प्रकरण में वांछित दो अभियुक्त की हुई और गिरफ्तारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत राज्य मंत्री संजीव गौड़ जी के स्कॉर्ट वाहन एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार के चालक के बीच ओवरटेक करने को लेकर वाद-विवाद की घटना घटित हुई। जिसके संबंध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0-393/2025 धारा 281, 126(2), 352, 351(3), 131, 109(1) बी.एन.एस. व 7 उछअ अउळ में अभियोग पंजीकृत कर वांछित शुभम सोनी पुत्र भगवानदास सोनी निवासी कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र व पंकज अग्रहरी पुत्र ओमप्रकाश अग्रहरी निवासी कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 04.11.2025 को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय भेजा गया।

# पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी जा रही आहुति

- –पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ के आठवें दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा को उमड़ी भीड़।
- –प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण।
- –नंदीग्राम, भरतकुंड, अयोध्या स्थित भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में चल रहा है आयोजन।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अयोध्या के नंदीग्राम भरतकुंड में मंगलवार को आठवें दिन पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।इस दौरान जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज चल रहा है। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र, योगेश तिवारी, कौशल तिवारी व निर्भय शुक्ला द्वारा पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया।

# अखिल भारतीय अग्निशिखा मंच ने कोपरखैराने में अवैध पार्किंग हटाने की

अमन लेखनी समाचार

नवी मुंबई, कोपरखैराने, कोपरखैराने क्षेत्र में फुटपाथों पर अवैध वाहन पार्किंग और मैकेनिकों के कब्जे के खिलाफ अखिल भारतीय अग्निशिखा मंच ने सख्त आवाज उठाई है। मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका पांडे ने इस समस्या को लेकर यातायात विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई और कहा कि – फुटपाथ जनता के चलने के लिए बनाए गए हैं, न कि गाड़ियों के खड़े होने के लिए। जगह-जगह पार्किंग और मरम्मत कार्यों से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी होती है। कई बार तेल और ग्रीस के कारण लोग फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे गंभीर चोटें भी आती हैं। अलका पांडे ने बताया कि कई जगह मैकेनिक पूरे फुटपाथ को घेरकर वाहन रिपेयरिंग करते हैं। इससे न केवल राहगीरों को दिक्कत होती है बल्कि स्वच्छता और सुरक्षा दोनों पर असर पड़ता है। उन्होंने इस स्थिति की तस्वीरें खींचकर शिकायत पत्र के साथ कोपरखैराने वाहतूक नियंत्रण कार्यालय में अधिकारी अशोक वाड को सौंपीं। शिकायत मिलने के तुरंत बाद अशोक वाड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कहा – आपने बहुत अच्छा काम किया है। यह समाजहित का मुद्दा है और हम इस पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। हमारे अधिकारी संबंधित स्थानों पर निगरानी रखेंगे। अगर कहीं फिर ऐसी समस्या दिखे, तो आपको कार्यालय आने की जरूरत नहीं – बस हमें फोन करें, हम तत्काल एक्शन लेंगे। अलका पांडे ने अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित और स्वच्छ बनाना है।

# उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति- 2023 में दी गई सुविधाओं से प्रदेश में स्थापित हो रही हैं खाद्य प्रसंस्करण इकाईया

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण तथा कृषि उपज में एक समृद्ध प्रदेश है। प्रदेश में 24 करोड़ से अधिक लोग रहते है। कुल जनसंख्या का दो तिहाई भाग कृषि पर आधारित है। खाद्य प्रसंस्करण कृषि और उद्योग के बीच की कड़ी है। खाद्य प्रसंस्करण में कच्चें माल को उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए धुलाई, काटना, पकाना, पाश्चुरीकरण, किण्वन और पैकेजिंग जैसी कई प्रक्रियायें शामिल होती है। वर्तमान में अनाज से आटा, बिस्कुट नूइल्स, मैगी, मैदा, स्नेक्स, नमकीन आदि वस्तुऐ फलों व सब्जियों से जमे जैली, मुरब्बा चटनी, सॉस, डिब्बाबन्द फल चिप्स आदि, दूध से दही, लस्सी, मट्ठा, घी आइसक्रीम, दुग्धपाउडर, मिटाइयाँ, पनीर विभिन्न उत्पाद, कोको उत्पाद गन्ना से चीनी गुड, कन्फक्शनरी आदि विभिन्न खाद्य वस्तुए खाद्य प्रसंस्करण से बनाकर उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा रहा है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों उद्योगों की स्थापना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उद्यमियों को कई सुविधायें प्रदान की हैं। प्रदेश सरकार ने उ०प्र० खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 में कई आकर्षण सुविधायें उद्यमियों को दी गई है। इन नीति के तहत खाद्य प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने के लिए 12.5 एकड़ से अधिक भूमि खरीदने की अनुमति दी गई है इसी प्रकार गैर-कृषि उपयोग घोषणा के लिए सर्किल रेट पर मूल्य का 2 प्रतिशत शुल्क के रूप में जमा करने से छूट भी प्रदान की गई है। परियोजना स्थल में आने वाली सरकारी भूमि के विनिमय में अनिवार्य रूप से भूमि के मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि जमा किये जाने पर छूट दी गई है। भूमि उपयोग का रूपांतरण पर 50 प्रतिशत की छूट तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर बाहरी विकास शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट स्टांप शुल्क से छूट दी गई है। प्रदेश सरकार ने प्रसंस्करण के लिए राज्य के बाहर से लाई गई कृषि उपज पर मंडी शुल्क और उपकर से छूट दी है। प्रसंस्करण इकाईयों को सीधे बेचे जाने वाले कृषि उत्पाद के लिए मंडी शुल्क और उपकर से छूट दी गई है। किसी क्षेत्र को रोग मुक्त प्रमाणित/घोषित करने के लिए उदाहरणतः ड्यूरम गेहूं-बुंदेलखंड और आलू आगरा-कन्नौज के विषय पर अध्ययन किया गया है। को प्रायोजित किया गया हैं।

# डा. वी.के. वर्मा को सरदार पटेल राष्ट्र गौरव सम्मान

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / भारत रत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती के उपलक्ष्य में सरदार पटेल साहित्य संस्थान बीसलपुर पीलीभीत द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी, वरिष्ठ चिकित्सक, साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा को उनके साहित्यिक योगदान के लिये सरदार पटेल राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम कृष्ण लाल जगमग ने डा. वी.के. वर्मा को उनके गोटवा स्थित पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा जाकर सौंपा।

डा. वी.के. वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुये डॉ. राम कृष्ण लाल जगमग ने कहा कि मानवता के स्वर, काव्य मुखी, युग चित्र, भावानुभूति, काव्य सौरभ, भाव मन्थन काव्य संग्रह एवं लघु कथा संग्रह सोच, कहानी संग्रह उत्कर्ष एवं कोविड 19 काव्य संग्रह जैसी कृतियों की रचना सहज कार्य नहीं है. डॉ. वर्मा ने चिकित्सक और साहित्यकार दोनों सन्दर्भो में स्वयं को सिद्ध किया है। साहित्य जगत को उनसे बहुत संभावनायें हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि सम्मान से और बेहतर दायित्वों के निर्वहन की रचनात्मक ऊर्जा मिलती है। उनका लेखन और सामाजिक सरोकार निरन्तर गतिमान है। डा. वर्मा को सम्मानित किये जाने पर ध्रुव चन्द्र वर्मा, राम स्वरूप वर्मा, शिवशंकर चौधरी, उत्कर्ष दूबे, अनूप विश्वकर्मा, जग प्रसाद, माया वर्मा, शालू यादव, डा. आर.एन. चौधरी, डा. नवीन, डा. अनिल श्रीवास्तव के साथ ही अनेक साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style



# यामी
## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉड्र्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।


## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी सक्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मजबूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को जिंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।